## एक नजर

### डीआईजी ने बैंक कैशियर के घर हत्या-डकैती कांड का लिया जायजा



**कन्नौज।** बीते सोमवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुतुलूपुर में दिवंगत बैंक कैशियर अर्जुन श्रीवास्तव के घर हुई डकैती और उनकी पत्नी सुनीता (50) की हत्या के बाद मंगलवार को डीआईजी हरीशचंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर बेटियों को आश्वस्त किया कि बदमाश जल्द ही गिरफ्त में होंगे।डीआईजी के निर्देश पर एसपी विनोद कुमार ने घटना का खुलासा करने के लिए तीन पुलिस टीमों को लगाया है। पुलिस सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी है।मूलरूप से फतेहपुर निवासी अर्जुन श्रीवास्तव कन्नौज की जसोदा शाखा में कैशियर थे। वर्ष 2020 में सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। परिवार में पत्नी सुनीता और बेटियां कोमल व दीया रह गईं। सोमवार को बदमाशों ने घर में धावा बोलकर सुनीता की हत्या कर दी और कोमल को बंधक बनाकर पांच लाख की नकदी व दस लाख के जेवर लूट लिए।दीया, जो मृतक आश्रित कोटे पर ठठिया ग्रामीण बैंक में कार्यरत हैं, वारदात के समय ड्यूटी पर थीं। घर पहुंचने पर उन्होंने मां को मृत अवस्था में पाया।घटना से पहले घर में पत्थर लगाने का काम तुलसीपुर (बलरामपुर) निवासी मिस्त्री जसवंत उर्फ पंकज और उसके भतीजे कर रहे थे। कोमल का आरोप है कि इन्हीं ने नौ अन्य साथियों को बुलाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि घटना के बाद से इन मिस्त्रियों के मोबाइल फोन बंद हैं। वारदात से जुड़े पत्थर मिस्त्री की जानकारी दुकानदार ने दी थी। इस कड़ी पर भी पुलिस जांच कर रही है। डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि हर स्तर पर जांच की जाए और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाए।

### 25 सितंबर संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पहुंचे कमी



**कन्नौज।** 1971 से पहले हम सभी लोग वित्तविहीन की स्थिति में थे वेतन नहीं था, न सेवा सुरक्षा थी न तो पेंशन थी, और न ही ग्रेट्यूटी शिक्षक एवम शिक्षणेत्तर नेताओं ने लगातार संघर्ष किया। लाठी खाई, उनके ऊपर घोड़े दौड़ाए गए, महीनो हड़ताल हुई, न जाने कितने लोग जेल गए उनको सेवा से हटाने का भी प्रयास हुआ परंतु झुके नहीं और हम सबको सब कुछ मिला साथ ही हम लोग साइकिल से सीधे कार व बाइक पर आ गए। यह विचार बृजेश वर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश ने प्रकट किया कन्नौज सदर में आयोजित कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कहा की पुरानी पेंशन खत्म, सामूहिक बीमा खत्म, सभी भत्ते खत्म और अंततः वेतन भी संकट में आने की संभावना है। निश्चित तौर पर हम लोगों को भी लाठी खाने, जेल जाने, वेतन कटौती, निलंबन की सीमा तक जाने, हड़ताल करने लिए तैयार रहना होगा अन्यथा पूरी नौकरी काल में डर- डर के ही जीना होगा और कभी भी हमारी जायज माँगे नहीं मानी जाएंगी। हमारे नेतागण पद लोलुपता के कारण टुकड़ो टुकड़ों में विभाजित हो गए हैं। निर्णय साथियों को लेना है, और उस स्तर के संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा अन्यथा कुछ नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि आपसी गुटबाजी, अपना अपना अहम छोड़कर आगामी 25 सितम्बर को अपने अपने मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पहुँचकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के द्वारा दिये जाने वाले ज्ञापन में अवश्य प्रतिभाग करें। इस मौके पर उत्तम शुक्ला महेश शुक्ला विल्सन वर्मा अभिषेक प्रताप सिंह पंकज श्रीवास्तव दीपक सिंह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### 27 की विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसे कार्यकर्ता



**गुरसहायगंज कन्नौज।** समाजवादी पार्टी की सरकार में हुए विकास कार्यों को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जनता के बीच ले जाने का काम करें इसके अलावा जनता की समस्या का निस्तारण करने के लिए तैयार रहें क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर तत्काल उसका समाधान भी किया गयायह बात समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कही नगर के गांधीनगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव जोश के साथ लड़ा जाएगा जिसके लिए प्रत्येक समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक विधानसभा 27 के चुनाव के संघर्ष के लिए तैयार रहे उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता डोर टू डोर लोगों के घर पहुंच कर समाजवादी पार्टी सरकार में हुए विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाने का काम करें और उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का पूरा प्रयास करें इससे पहले नगर व क्षेत्र से आए कई ग्राम पंचायत के लोगों की समस्या सुनकर विचार विमर्श किया गया और अधिकारियों से निस्तारण कराया गया इस मौके पर पिंटू यादव शिल्पी यादव भूरा यादव मुजफ्फर खान शहनवाज सिद्दीकी शहीद कई समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आयकर विभाग ने गरीब किसान को भेजा करोड़ों के टर्नओवर की नोटिस

**बीकापुर -अयोध्या।** कोतवाली क्षेत्र के सराय खरगी गांव में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक गरीब किसान को करोड़ों रुपए टर्न ओवर किए जाने के संबंध में आयकर विभाग द्वारा जीएसटी का नोटिस मिलने के बाद पीड़ित और गांव के लोग दंग हो गए हैं। आयकर विभाग द्वारा नोटिस मिलने के बाद पीड़ित गरीब किसान मानसिक रूप से परेशान हो गया है। पीड़ित द्वारा प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू पाठक को नोटिस मिलने की जानकारी दी गई। उसके बाद प्रधान के साथ बीकापुर कोतवाली पहुंचा और शिकायत पत्र देकर इंस्पेक्टर लालचंद सरोज को पूरे मामले से अवगत कराया। तथा मामले की जांच करके उनके नाम से जीएसटी नंबर बनाकर करोड़ों का टर्नओवर करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई। सराय खरगी निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र रामसुंदर सिंह द्वारा बताया गया कि वह काफी गरीब है। किसी द्वारा उनके नाम जीएसटी बनवाई गई है। बताया कि आयकर विभाग द्वारा धारा 148 के अंतर्गत उन्हें 11 करोड़ 91 लाख 61 हजार 120 रुपए लेनदेन किए जाने का नोटिस भेजा गया। जबकि वह इससे अनभिज्ञ है। कोतवाली पुलिस द्वारा शिकायत की जांच की जा रही है।

### विधायक ने व्यापारियों से किया जीएसटी के नए प्रावधानों से होने वाले लाभों पर चर्चा



**अयोध्या।** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को पूरा बाजार में व्यापारियों से संपर्क कर 22 सितम्बर से लागू हुए जीएसटी बदलावों की जानकारी दी। विधायक ने दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से मुलाकात की और नए प्रावधानों से होने वाले लाभों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है, ताकि व्यापारी और ग्राहक दोनों लाभान्वित हो सकें।विधायक ने व्यापारियों को बताया कि इन बदलावों से छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी और ग्राहकों को भी सही मूल्य पर वस्तुएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि कारोबार की पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ व्यापार करने की प्रक्रिया को आसान बनाना ही सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जीएसटी में हुए बदलाव से व्यापारियों को सहूलियत और ग्राहकों को लाभ मिलेगा। सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है और व्यापारियों की परेशानियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। व्यापारियों ने विधायक से बातचीत के दौरान अपने सुझाव और समस्याएं भी साझा कीं।

# सीएमओ का बाबू कर रहा खेल

## मिशन निदेशक एनएचएम के निर्देश को नहीं मान रहे सीएमओ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संगम गौतम का पारस्परिक स्थानांतरण आदेश लंबित है।10 दिसंबर 2024 को आवेदनकर्ता ने आवेदन किया था जिसे 31 दिसंबर 2024 को सीएमओ अयोध्या द्वारा अग्रसारित किया गया। सात जुलाई 2025 को मिशन निदेशक, एनएचएम लखनऊ ने आदेश स्वीकृत किया।

11 जुलाई 2025 को कार्यमुक्ति एवं अदेयता प्रमाणपत्र प्राप्त होने के बावजूद पत्र अभी तक नहीं दिया गया। तीन सितंबर 2025 को किसी अन्य सीएचओ को उसी केंद्र पर तैनात किया गया।

18 सितंबर 2025 को आईजीआरएस शिकायत दर्ज होने पर अगले ही दिन 20 सितंबर 2025 को विरोधाभासी आदेश जारी कर उन्हें वापस बुलाया गया। 20 सितंबर 2025 को वर्तमान सीएचओ के खिलाफ चिकित्सा अधीक्षक, सीएचसी तारुन द्वारा स्पष्टीकरण पत्र भी जारी किया गया।

- संविदा सीएचओ के पारस्परिक स्थानांतरण में, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मनमानी
- सीएमओ कार्यालय पर विरोधाभासी आदेश जारी करने के लगे आरोप
- आईजी आरएस पर शिकायत के बाद तुरंत आदेश, 70 दिन तक पत्रों का कोई जवाब नहीं; कर्मचारी ने शोषण का लगाया आरोप

**शिकायतकर्ता का आरोप**

सीएचओ गौतम का आरोप है कि उन्हें संविदा होने के कारण मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मिशन निदेशक से निष्पक्ष जांच और आदेश का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। उसने कहा कि इस उत्पीड़न के खिलाफ अब न्यायालय जाना होगा। उसने लिपिक पर आरोप लगाया कि सीएमओ का बाबू गुमराह कर रहा है।

### अधिकारियों को गुमराह कर रहा सीएचओ : डीपीएम

डीपीएम राम प्रकाश पटेल ने बताया कि सीएचओ संगम गौतम अधिकारियों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार एक बार ही किसी का स्थानांतरण अनुरोध पर होता है। लेकिन उसने सीएमओ को गुमराह करके दूसरी बार भी आवेदन कर दिया। जो भूल बस मिशन निदेशक के पास भेज दिया गया। अब रहा मामला यह कि उनके स्थान पर दूसरे का स्थानांतरण कर दिया जाना लिपिकीय त्रुटि है। उसको सुधार दिया जाएगा। सीएचओ ने एक बार भी सीएमओ या हमसे मिलकर समस्या का समाधान निकालने की कोई कोशिश नहीं की है।

## मां चंद्रघंटा



तीसरे दिन भक्त मां चंद्रघंटा की पूजा करते हैं, जो शांति, स्थिरता और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करती हैं। देवी पार्वती के विवाहित स्वरूप को देवी चन्द्रघण्टा के रूप में जाना जाता है। भगवान शिव से विवाह होने के पश्चात देवी महागौरी ने अपने मस्तक पर अर्ध चन्द्र धारण करना आरम्भ कर दिया, जिसके कारण देवी पार्वती को देवी चन्द्रघण्टा के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें एक शेरनी पर सवार और दस भुजाओं के साथ दर्शाया गया है। देवी चन्द्रघण्टा अपने चार बायें हाथों में त्रिशूल, गदा, तलवार तथा कमण्डलु धारण करती हैं तथा पांचवां बायां हाथ वर मुद्रा में रखती हैं। वह अपने चार दाहिने हाथों में कमल पुष्प, तीर, धनुष तथा जप माला धारण करती हैं तथा पांचवे दाहिने हाथ को अभय मुद्रा में रखती हैं।

### पूजा- विधि

सुबह जल्दी उठें, सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें। मां चंद्रघंटा की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें। इसके बाद पूजा में मां को लाल और पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें। मां चंद्रघंटा को कुमकुम, पुष्प और अक्षत अर्पित करें।मां चंद्रघंटा को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए पूजा में लाल व पीले रंग के फूलों का प्रयोग करें। दीप और धूप जलाएं और मां चंद्रघंटा की आरती करें। दुर्गा सप्तशती के अंत में मां चंद्रघंटा की आरती है। उसका पाठ भी करें। इन सभी विधियों को विधिपूर्वक करने से मां चंद्रघंटा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।

### मां की व्रत कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब महिषासुर का अत्याचार बढ़ गया और देवता असहाय हो गए, तब सभी देवताओं ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश से प्रार्थना की। त्रिदेव के क्रोध और ऊर्जा से एक तेजस्विनी देवी प्रकट हुईं। देवताओं ने उन्हें अपने-अपने दिव्य अस्त्र प्रदान किए शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने सुदर्शन चक्र, इंद्र ने घंटा, सूर्य ने तलवार और तेज, और अन्य देवताओं ने भी अपने दिव्य शस्त्र दिए। सिंह पर आरूढ़ होकर मां ने महिषासुर से युद्ध किया और अंततः उसका वध कर देवताओं को राहत दिलाई। यही रूप मां चंद्रघंटा कहलाए। कहा जाता है कि मां चंद्रघंटा की घंटा-ध्वनि से नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं और वातावरण में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है।

### ध्यान मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु माँ चन्द्रघण्टा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

### हैदरगंज में नई पुलिस चौकी बिशुन बाबा की स्थापना, कानून व्यवस्था होगी और सुदृढ़

**अयोध्या।** जनपद अयोध्या में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सशक्त एवं सुगम बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा थाना हैदरगंज क्षेत्र में एक अस्थायी नवीन पुलिस चौकी बिशुन बाबा चौकी की स्थापना के आदेश पारित किए गए हैं। इस चौकी की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाना, स्थानीय नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान करना एवं आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। चौकी क्षेत्र में आने वाले प्रमुख ग्रामों की सूची-जाना बाजार, पछियाना, मनऊपुर बरौली, भटौना, बोदहरी, सेमरी बल्लीपुर, भैरवपुर टिकरा, रौहारी, कटौना, खपराडीह, मऊ, रमवाकला, अंकारी, कोरोराघवपुर, सैंरसवा, रसूलपुर पाराराम, थरियाकला, उमापुर कैथोलिया एवं रामपुर अहिरौली। जनता ने पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि चौकी की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और बेहतर होगा तथा अपराध नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।

## शीघ्र लागू हो अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट : अजय शुक्ला



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं के साथ निरंतर दुर्व्यवहार हिंसक घटनाएं एवं अधिवक्ताओं की हत्याओं के संबंध में शीघ्र रूप से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की आवश्यकता है, उक्त बातें बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या की कचेहरी में जनसंपर्क करने के दौरान कहीं श्री शुक्ल ने आगे कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का ड्राफ्ट बनाकर उत्तर प्रदेश की सरकार को सौप जा चुका है किंतु सरकार की उदासीनता और शिथिलता के कारण यह ड्राफ्ट पास नहीं हो पा रहा है, श्री शुक्ल ने आगे बताया कि सरकार के कहने पर बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश द्वारा 10 माह पूर्व ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का ड्राफ्ट तैयार करके दिया जा चुका है किंतु उसके बावजूद भी सरकार इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं कर रही है, जनसंपर्क के दौरान बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या के वर्तमान अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह एवं महामंत्री गिरीश चंद्र तिवारी की ओर से अजय कुमार शुक्ला का स्वागत एवं सत्कार किया गया लगभग 15 मिनट की वार्ता में कई गंभीर विषयों पर चर्चा की गई, वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष कुमार पांडेय एवं उनके अधिवक्ता साथियों द्वारा पूर्व बार कौंसिल अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला को रामलला की प्रतिमा प्रदान करते हुए एवं माल्यार्पण करते हुए उनका स्वागत किया गया, जनसंपर्क के दौरान मीडिया से बात करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि बार काउंसिल की संस्कृति पर अधिवक्ता कल्याण ट्रस्टी कमेटी द्वारा फैजाबाद के दिवंगत अधिवक्ता स्वर्गीय इसरार अहमद की पत्नी श्रीमती कुरेशा इसरार अधिवक्ता सतीश चंद्र पांडेय की पत्नी श्रीमती गोमती पांडेय अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह की पत्नी प्रमिला सिंह को 5-5 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा इसे पूर्व उप बार काउंसिल की संस्कृति पर अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की पत्नी रश्मि श्रीवास्तव अधिवक्ता स्वर्गीय महेंद्र कांत पांडेय की पत्नी अंजना पांडेय को 5 लाख की धनराशि प्राप्त करवाई जा चुकी है श्री शुक्ल ने यह भी कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार अधिवक्ता कल्याणकारी योजना की राशि डेढ़ लाख से बढ़कर 5 लाख की जाने का भी स्वागत करते हैं, श्री शुक्ल ने अभी कहा कि न्यायिक प्रवृत्ति के पदों पर अवकाश प्राप्त लोक सेवक के स्थान पर सक्षम अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जानी चाहिए उनके साथ जनसंपर्क करने वाले प्रमुख लोगों में अधिवक्ता मनीष पांडेय, अधिवक्ता राजीव शुक्ला, अधिवक्ता अमन श्रीवास्तव अधिवक्ता रोहित वर्मा, अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह, संतोष द्विवेदी,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विधायक वेद गुप्ता ने किया उद्घाटन

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवारा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को पूरा बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी पहुंचे और स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, नेत्र रोग समेत अन्य बीमारियों की जांच की गई। साथ ही गंभीर मरीजों को उच्च स्तरीय अस्पतालों में रेफर करने की व्यवस्था भी की गई।

- सेवा पखवारा के तहत पूरा बाजार सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर का विधायक वेद गुप्ता ने किया उद्घाटन

इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा को ही संगठन का मूल मंत्र मानती है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ सेवा पखवारा समाज के हर वर्ग को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जनता के स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। शिविर में लगभग पूरे दिन मरीजों की भीड़ लगी रही। उद्घाटन के दौरान गन्ना चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, कपिल देव वर्मा, अरविंद सिंह, प्रदीप सिंह, देवता पटेल, दिनेश मिश्र, सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार, राजेश पाठक, वरूण चौधरी, राम अनुज सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



### महाराणा प्रताप वार्ड की मलिन बस्ती में नगर निगम का स्वच्छता उत्सव आज

**अयोध्या।** नगर निगम बुधवार को महाराणा प्रताप वार्ड की मलिन बस्ती में स्वच्छता उत्सव का आयोजन करेगा। इस दौरान नगर निगम की टीम महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में श्रमदान से सफाई करेगी। यहां शिविर लगाकर लोगों को साफ-सफाई के माध्यम से जल एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि महानगर को स्वच्छता के पैमाने पर अग्रिम कतार में खड़ा करने के लिए नगर निगम की सभी मलिन बस्तियों में स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोगों के श्रमदान से नगर निगम की टीम सफाई करेगी। यह आयोजन चिन्हित बस्तियों में प्रत्येक सप्ताह किया जाएगा।

अभियान की शुरुआत महाराणा प्रताप वार्ड की मलिन बस्ती अबूसराय से होगी। यहां 24 सितंबर को सुबह 7:00 बजे स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार, स्थानीय पार्षद सुफियान तथा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल रहेंगे। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल की अगुवाई में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को पीलिया, डायरिया जैसी जल जनित बीमारियों एवं फाइलेरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव के तरीके सिखाए जाएंगे और लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।

# सभासद आरती जयसवाल ने डीओएम को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि.) की अध्यक्ष आरती जयसवाल ने मंगलवार को सीनियर डीओएम रजनीश श्रीवास्तव से मुलाकात कर गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर कैफियत एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

आरती जयसवाल ने बताया कि यह स्टेशन पूर्व सांसद एवं एमएलसी हरिओम पांडे का गृह स्टेशन भी है, जहां कैफियत, सरयू यमुना, कोटा पटना एवं अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि 3 दिसंबर 2024 को वाणिज्य निरीक्षक अजय सिंह द्वारा इस संबंध में पत्र भी भेजा गया था, लेकिन 9 माह बीत जाने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।ज्ञापन में उन्होंने यह भी बताया कि आसपास के स्टेशनों जैसे खोरासन रोड, मालीपुर, अकबरपुर, अयोध्या कैंट आदि पर ठहराव होने के बावजूद गोसाईगंज जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन को नजरअंदाज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जनहित में जल्द निर्णय लेने की अपील की।



### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक चलाएंगे ईमेल अभियान, प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजेंगे पत्र

**अयोध्या।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश के तहत आरटीई एक्ट लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता लागू किए जाने से देशभर के लाखों शिक्षक गंभीर असमंजस और संकट की स्थिति में हैं। इस फैसले के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का आंदोलन लगातार जारी है।इसी क्रम में अयोध्या जनपद इकाई की एक बैठक सोमवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने की। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण के अंतर्गत देशभर के शिक्षक 29 सितंबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजेंगे, जिससे उन्हें शिक्षकों की पीड़ा और व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया जा सके।डॉ. सिंह ने बताया कि अयोध्या जिले के सभी विकास खंडों के शिक्षकों को इस अभियान से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक शिक्षक को इस संबंध में निर्धारित प्रपत्र भरकर अलग-अलग ईमेल के माध्यम से दोनों शीर्ष नेताओं को भेजना होगा।

बैठक में जिला मंत्री प्रेम कुमार वर्मा, बीकापुर अध्यक्ष प्रियाकांत पांडेय, मंत्री द्वारकाधीश उपाध्याय, मिल्कीपुर अध्यक्ष गुलाबचंद, चंद्रशेखर सिंह, राजेश कुमार, अमिताभ सिंह, अखिलेश तिवारी, विकास सिंह, दंगल सिंह, राज नारायण सिंह और रामजी सिंह सहित कई शिक्षक शामिल रहे।

**मुलाकात** अखिलेश यादव से युवा सपा नेता महर्षि राम द्विवेदी की मुलाकात से गोसाईगंज में बढ़ी सियासी हलचल

# महर्षि की संभावित दावेदारी को लेकर शुरू हो गया चर्चाओं का दौर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से युवा नेता महर्षि राम द्विवेदी की हुई मुलाकात ने अयोध्या की गोसाईगंज विधानसभा में राजनीतिक हलचलें तेज कर दी हैं। सोमवार शाम लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान महर्षि ने अखिलेश यादव को भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया।

मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने निकाले जाने लगे हैं। मुलाकात के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महर्षि राम द्विवेदी की सक्रियता और मेहनत की सराहना करते हुए कहाबहुत अच्छा काम कर रहे हो, इसी तरह लगे रहो।युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे महर्षि को सपा सुप्रीमो के इस उत्साहवर्धन को पार्टी में बढ़ती भूमिका के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मुलाकात के बाद गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में महर्षि की संभावित दावेदारी को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि महर्षि राम द्विवेदी का परिवार इस क्षेत्र में पहले से ही मजबूत राजनीतिक पकड़ रखता है। उनके दादा, स्वर्गीय संत श्री राम द्विवेदी, तीन बार इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं और जनता के बीच एक लोकप्रिय जनप्रतिनिधि माने जाते थे।महर्षि राम द्विवेदी लंबे समय से गोसाईगंज क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं। युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ और जनसंपर्क की शैली ने उन्हें स्थानीय राजनीति में एक उभरता हुआ चेहरा बना दिया है। क्षेत्र में उनके समर्थकों का कहना है कि अगर पार्टी नेतृत्व उन्हें मौका देता है, तो वे गोसाईगंज में पार्टी को मज़बूत स्थिति में पहुंचा सकते हैं।गोसाईगंज सीट पर समाजवादी पार्टी पहले भी अपनी पकड़ बनाती रही है, लेकिन हाल के चुनावों में भाजपा को बढ़त मिली है। ऐसे में नए, ऊर्जावान और स्थानीय समर्थन रखने वाले चेहरे की तलाश पार्टी नेतृत्व को है। महर्षि की यह मुलाकात इस दिशा में एक संभावित संकेत मानी जा रही है।



परिवारिक विरासत तीन बार विधायक रह चुके दादा की राजनीतिक पृष्ठभूमि

महर्षि की सक्रियता और सोशल मीडिया पर प्रभावशाली उपस्थिति, क्षेत्रीय मुद्दों और जनता से जुड़ाव का लाभ।

अखिलेश यादव से हुई मुलाकात को लेकर भले ही कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई हो, लेकिन गोसाईगंज विधानसभा में समाजवादी पार्टी की ओर से महर्षि राम द्विवेदी की सक्रियता और समर्थकों की उम्मीदों ने राजनीतिक तापमान को जरूर बढ़ा दिया है। आने वाले चुनावों में पार्टी नेतृत्व क्या फैसला करता है, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

## एक नजर

### आजम की रिहाई का सपाइयों ने मनाया जश्न

**बांदा।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री आजम खान की रिहाई पर समाजवादियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कहा कि अंततः सच्चाई की जीत हुई। उनकी रिहाई से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सपा के कद्दावर नेता एवं राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की 23 महीने बाद हुई रिहाई पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। सपा के फ्रंटल संगठनों ने पार्टी कार्यालय पर एकत्र होकर मिठाई बांटी और नारे लगाकर उत्साह प्रकट किया। सपा जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि यह सत्य की जीत है। न्याय पालिका पर उन्हें पूरा भरोसा है। कहा कि आजम खान को झूठे मुकदमों में फंसाया गया था, लेकिन अंततः सच्चाई की जीत हुई। उनकी रिहाई से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष मुशीर अहमद व जिला महासचिव एजाज खान ने कहा कि आजम खान ने हमेशा गरीबों और कमजोरों की आवाज बुलंद की है। उनकी रिहाई से उन सभी लोगों को सुकून मिला है, जो उनके लिए प्रार्थना कर रहे थे। उन्होंने विश्वास जताया कि अब पार्टी और मजबूती से आगे बढ़ेगी। आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे।

### बीज भंडार प्रभारी ने बीटीएम के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज



**कमासिन।** कृषि बीज भंडार कमासिन प्रभारी शत्रुघ्न पाल ने अपने अधीनस्थ कर्मचारी बीटीएम अरुण कुमार के साथ किसानों के लिए आए अनुदान बीज की कालाबाजारी करने से रोकने पर कमरे में घुसकर गाली गलौज करते हुए मार पीट की। जैविक खेती, गोआधारित प्राकृतिक खेती, नेचुरल फार्मिंग योजना का रखा 1,65,000 रुपए निकाल कर ले जाने लगे। बीटीएम अरुण कुमार के रोकते समय चप्पल सहित लकड़ी की फंटी से मारपीट कर कमरे के दोनों दरवाजों को बंद कर मौके से निकल भागे पीड़ित अरुण कुमार ने सहयोगी दीनानाथ को बुलाकर कमरे से अपने को मुक्त करा कर थाना कमासिन मे प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। थाना प्रभारी कमासिन भास्कर मिश्रा ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया। घटना की सूचना खंड विकास अधिकारी कृषि उपनिदेशक बांदा सहित थाना कमासिन प्रभारी को लिखित रूप से देकर मुकदमा पंजीकृत कर पूरे घटनाक्रम की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक

**बांदा।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) व राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (लखनऊ) के निर्देश पर सघन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत जिला क्षय रोग केंद्र में लोक कला कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। टोल फ्री नंबर 1097 व एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संचालित शासकीय सेवाओं की जानकारी दी गई। जिला क्षय रोग केंद्र में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा.देवेश माथुर और जिला एड्स कार्यक्रम प्रबंधक बृजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। लोक कला कार्यक्रम (जादू) के माध्यम से एड्स का ज्ञान बचाए जान, एड्स को रोकेगें वादा निभायेंगें, समझदारी की बात सबके साथ जैसे स्लोगन के माध्यम से लोंगों को एचआईवी और एड्स के बारे में जागरूक किया।

# कस्तूरबा गांधी की छात्रा बनी एक दिन की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## मिशन शक्ति के तहत बीएसए बनकर छात्रा ने देखी कार्यशैली

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** मिशन शक्ति अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजेबीवी) की कक्षा आठ की छात्रा एक दिन के लिए बीएसए की भूमिका में नजर आई। महिलाओं के सम्मान में यह आयोजन किया गया। बीएसए ने छात्रा को एक दिन के लिए बीएसए बनने पर शुभकामना दी।



छात्राओं को प्रोत्साहित और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर बड़ोखर खुर्द ब्लाक अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा राखी निगम को मंगलवार को एक दिन का जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी बनाया गया। कार्यालय पहुंची छात्रा का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी ने स्वागत किया। बीएसए बनी छात्रा ने कार्यालय परिसर व उपस्थिति पंजिका रजिस्टर का अवलोकन किया। छात्रा ने बीएसए के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता की समस्याओं को सुनने के अलावा प्रशासनिक कामकाज को समझने की कोशिश की। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राज्य की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मिशन शक्ति के तहत परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की बेटियों को एक दिन के लिए अधिकारी बनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में राखी निगम को एक दिन का जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी बनने का मौका मिला। बीएसए श्री तिवारी ने कहा कि छात्रा ने एक दिन का बीएसए बनकर समस्याओं के अलावा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल की। कहा कि सभी बालिकाओं को समान अवसर प्रदान किया जाएगा। सरकार का यह प्रयास बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रशासनिक कार्यों की जमीनी समझ देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का महत्व बताया



नरैनी कस्बे के पार्वती महाविद्यालय में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के महत्व को समझाते हुए छात्राओं को जागरूक किया। साथ ही लैपटॉप के माध्यम में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के बारे में भी बताया गया। उपनिरीक्षक रक्षा देवी, महिला कांस्टेबल प्रिया देवी, शिक्षा राठौर आदि ने यूपी-112 और सिटीजन एप की जानकारी दी गई। हेल्प लाइन नंबरों 112, 1090, 102, 1098 आदि के बारे में बताकर साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। कहा कि बालिकाएं व महिलाएं किसी भी समस्या के निस्तारण के लिए हेल्पलाइन नंबरों की मदद ले सकती हैं।

### शक्ति संवाद में महिला हेल्पलाइन सेवाओं की दी जानकारी

महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मंगलवार को सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक ने आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं के साथ शक्ति संवाद किया। इस दौरान छात्राओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा संबंधी प्रावधानों एवं महिला हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से जोड़ते हुए जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता, महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद सहित विद्यालय की शिक्षिकाएं तथा कोतवाली नगर एवं महिला थाना की मिशन शक्ति टीम उपस्थित रही।

## नारद मोह मंचन के साथ 12 दिवसीय रामलीला का हुआ शुभारंभ

विश्ववार्ता संवाददाता

**तिंदवारी।** कस्बे में दुर्गा महोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले 12 दिवसीय श्री रामलीला मंचन का आयोजन उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला से किया गया। जबकि पारंपरिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ कमेटी पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्ष अनिल लखेरा की अगुवाई में विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन के साथ किया गया।



» कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोहा

कलाकारों ने सोमवार को नारद मोह लीला का सजीव मंचन किया। जिसे देख दर्शक हर्षित हो उठे। मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि नारद जी तपस्या करने बैठ जाते हैं। उनकी घोर तपस्या से राजा इंद्र का सिंघासन हिलने लगता है। तब उनकी चिंता सताने लगती है। इंद्रदेव नारद जी की तपस्या की भंग करने के लिए सुन्दर अप्सराओं को भेजते हैं, पर वह अप्सराएं नारद की तपस्या को भंग नही कर पाती हैं। लीला में वह कामदेव को नारद की तपस्या भंग करने के भेजते हैं, पर कामदेव भी हर प्रकार का जतन करने के बाद भी तपस्या को भंग नही कर पाते हैं। तब नारद को इसी बात का घमंड हो जाता है। नारद के इस घमंड को चूर करने के लिए भगवान विष्णु शीलनगरी का निर्माण करते है। उसके राजा शीलनिधि को बनाते हैं। उनकी पुत्री के विवाह का आयोजन कराते हैं। नारद भी वहां पहुंचते हैं। नारद भगवान विष्णु के पास पहुंच कर कहते हैं प्रभु एक दिन के लिए आप मुझे हरि का स्वरूप दे दो। भगवान विष्णु नारद के घमंड को चूर करने के लिए हरि अथार्त वानर का स्वरूप दे देते हैं। नारद जी जब उसी स्वरूप के साथ शीलनगरी पहुंचते ही तब वहां उनका उपहास उड़ाया जाता है, तब नारद जी वापस आ जाते हैं इस प्रकार भगवान विष्णु नारद जी का घमंड चूर कर देते हैं।

### बुखार से दो की मौत, 15 जिला अस्पताल भर्ती

**बांदा।** मौसमी बीमारियों के कहर से लोग परेशान है वायरल फीवर और सर्दी जुकाम से पीड़ित मरीजो की संख्या दिन बा दिन बढती जा रही है। बुखार से पीड़ित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि बुखार पीडति 15 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दिन में तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान है। पल पल हो रहे मौसमी परिवर्तन से मौसमी बीमारिया लगातार बढ रही है। वायरल फीवर, सर्दी जुकाम, निमोनिया के मरीजो बढ रहे है। शहर कोतवाली क्षेत्र के बिजली खेड़ा निवासी भूरी (80) पत्नी रामभजन कई दिनो से बुखार से पीड़ित थी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। वही बिसंडा थाना क्षेत्र के सिकलोढी गांव निवासी अशोक (65) पुत्र कुवेर सिंह की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान बुखार से मौत हो गई। उधर बुखार से पीड़ति 15 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हादसे में घायल बालिका की मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के मवईखुर्द गांव निवासी काजल (6) पुत्री बबलू पांच दिन पहले अपने पिता और मां पार्वती के साथ बाइक में बैठकर अतर्रा जा रही थी। तभी अनथुवा कच्ची सड़क के पास बाइक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा से टकरा गयी। इससे सभी लोग चोटहिल हो गए। काजल गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिला अस्पताल से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान सोमवार की रात उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### जालौन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का डी एम ने फीता काट कर शुभांरभ किया

## आयुर्वेदिक पद्धति देश की प्राचीन धरोहर, रोगमुक्त जीवन की आधारशिला :डीएम

विश्ववार्ता संवाददाता

**जालौन।** दशम आयुर्वेदिक दिवस के अवसर पर आज जनपद के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उनका हाल-चाल जाना तथा शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।



जिलाधिकारी ने कहा कि आयुर्वेदिक पद्धति हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में भी आयुर्वेद की प्रासंगिकता और महत्व और अधिक बढ़ गया है, क्योंकि यह न केवल रोग का उपचार करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और जीवनशैली में सुधार पर भी बल देता है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोगों तक आयुर्वेदिक चिकित्सा की जानकारी और लाभ पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने मरीजों से कहा कि आयुर्वेद केवल औषधि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और दिनचर्या से जुड़ा हुआ एक जीवन दर्शन है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी विनय मौर्य, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अरुण कुमार गुप्त, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सक पूजा सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# अपर जिला जज पारुल पावर ने जिला कारागार का साप्ताहिक भ्रमण कर शिविर का आयोजन किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पँवार ने मंगलवार को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण एवं विधिक शिविर का आयोजन किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।



निरीक्षण में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पारुल पँवार ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जा सकें। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

इसके उपरान्त निःशुल्क विधिक सहायता एवं प्ली बार्गेनिंग विषय पर विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुये अपर जिला जज/सचिव पारुल पँवार ने शिविर का शुभारम्भ किया। उक्त शिविर में असिस्टेंट-प्रथम एलएडीसी अभिषेक पाठक ने बताया कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 39A समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करता है और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22(1) भी राज्य के लिए कानून के समक्ष समानता और सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य बनाते हैं। साथ ही प्ली बार्गेनिंग दलील सौदेबाजी की अवधारणा इस विचार पर आधारित है कि इससे लंबी सुनवाई से बचकर न्यायालय प्रणाली के लिए समय और संसाधनों की बचत हो सकती है, तथा इससे अभियोजन पक्ष और आरोपी व्यक्ति दोनों को कुछ लाभ मिल सकता है।

## खामियों पर सात दुकानों के लाइसेंस निलंबित, दो को नोटिस

**बांदा।** किसानों को खरीफ फसली तथा रवी मौसम की फसलों की बुवाई के लिए यूरिया एवं डीएपी सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है और यह सही दाम पर मिले इसके लिए कड़े कदम भी उठाए गए हैं। तहसील प्रशासन एवं जिला कृषि अधिकारी द्वारा की गई छापामार कार्रवाई में कई दुकानदारों के यहां गड़बड़ी पाई गई, जिस पर सात दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। दो दुकानों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि छापामार कार्रवाई में कई खाद की दुकानों पर तमाम गड़बड़ियां मिलीं। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी जोत से अधिक उर्वरक देने पर बजरंग खाद बीज भंडार डिंगवाही, जय मां जगदंबे खाद बीज भंडार खुरहंड और संगीता खाद बीज भंडार बाकरगंज का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। लाला घनश्याम खाद भंडार बदौसा की दुकान में बोर्ड स्टाक एवं रेटबोर्ड तथा स्टॉक वितरण रजिस्टर प्रेषित करने एवं बिना पॉश मशीन के उर्वरक बिक्री के कारण लाइसेंस निरस्त किया गया है। नरसिंह खाद बीज भंडार महुआ के निरीक्षण के दौरान कमियों के कारण लाइसेंस निलंबित किया गया। इसी प्रकार बबेरू क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान पॉश मशीन व स्टाक मिलान में भिन्नता के कारण अंजली कृषि खाद बीज भंडार काजीटोला (बबेरू) एवं राज खाद बीज भंडार बबेरू का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। निरीक्षण के दिन दुकान बन्द होने के कारण गौरव खाद एवं बीज भण्डार बबेरू तथा साहू कृषि रक्षा केन्द्र एवं बीज भण्डार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बबेरू में शिवहरे खाद एवं बीज भण्डार, महादेव ट्रेडस खान कृषि सेवा केन्द्र एवं अग्रहरि एग्रो एजेन्सी का भी निरीक्षण कर स्टाक आदि का मिलान किया गया।

# प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण करना और कराना दोनों दंडनीय अपराध

## महुआ के केजीबीवी में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

» बाल विवाह व पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना की दी गई जानकारी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कालेज महुआ में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन को पीसीपीएनडीटी एक्ट, बाल विवाह अधिनियम तथा पीड़ति क्षतिपूर्ति योजना-2014 की जानकारी दी गई। एडीजे व विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने कहा कि प्रसव पूर्व लिंग परीक्षण करना व कराना दोनों ही दंडनीय अपराध हैं।



महुआ गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कालेज में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। अध्यक्षता कर रहे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने अभिभावकों व परिजन को लैंगिक समानता, लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी। कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं को मौत के कुएं में धकेलने जैसा हैं। कम आयु में बालिकाओं का विवाह करने पर उनके शरीर का पूर्णता विकास न होने के कारण एवं समय से पहले गर्भधारण करने के कारण से अनेक प्रकार की गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाती हैं जिससे उनकी मृत्यु तक हो जाती हैं। प्रसव पूर्व लिंग की जांच करना व कराना दोनों ही कानूनी तौर पर अपराध है। जांच करते पाये जाने पर परिजनों व चिकित्सक को सजा का प्राविधान हैं। पराविधिक स्वंयसे सुमन शुक्ला ने छात्राओं को गुड व बैड टच का अंतर समझाया। इस मौके पर डिसट्रिक्ट मिशन कोर्डिनेटर आकांक्षा सिंह, जेंडर विशेषज्ञ कामिनी सिंह, वार्डन अंजू खरे, रजनी, अंजू वर्मा, दीपिका तिवारी, गीता देवी तथा डीईओ राशिद अहमद के साथ सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**अतर्रा।** थाना क्षेत्र के गोखिया गांव के मजरा उसरा पुरवा निवासी अभय सिंह (36) पुत्र अर्जुन सिंह मंगलवार की सुबह वह खेत गया था। तभी खेत में मवेशी घुस आए थे। वह मवेशियों को भगाने के लिए जा रहा था। तभी उसका पैर सर्प के ऊपर पड़ गया। जिसे सर्प ने डस लिया। हालात खराब होने पर वह घर पहुंचा। परिजनों ने ओझा को बुलाकर झाड़फूंक करायी। हालात में सुधार न होने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल आ रहे थे। तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक किसानी करता था।

## डीएम ने हरिशंकरी पौधरोपण की समीक्षा बैठक की

### हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त, पौधों की सुरक्षा पर दिया जोर

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित बैठक में बृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाये गए वृक्षों एवं हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कराई जा रही जियो-टैगिंग प्रगति की समीक्षा की गई। कुछ विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पौधों का दीर्घकाल तक संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि प्रभागीय वनाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी जनपद में रोपित



पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगवाने सहित अन्य प्रबंध एवं व्यवस्था सुनिश्चित करा लें । साथ ही सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि पौधों को समय-समय पर पर्याप्त पोषण एवं पानी मिले और उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी विभाग की ओर से लापरवाही सामने आती है तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है और पौधों की सुरक्षा में सभी अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता दिखानी होगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, बीएसए चंद्र प्रकाश, सहायक निबंधक सहकारिता विजय प्रकाश वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाइकों की भिडंत में एक की मौत, चार घायल

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के पिपरगवां निवासी शिवशरण (22) पुत्र जगरूप मंगलवार की दोपहर अपने बड़े भाई माता शरण (30) व जौहरपुर निवासी लवकुश (22) पुत्र मनोज बाइक में बैठ कर ओरन निमंत्रण में जा रहे थे। तभी गुरौली सपहाई गांव स्थित पेट्रोल पम्प के पास आमने से आ रही बाइक से आमने सामने भिडंत हो गई। इसमें शिवशरण, माता शरण, लवकुश के अलावा दूसरी बाइक सवार रोशन सिंह (22) पुत्र मलखान सिंह, उसका चाचा राजेंद्र सिंह (25) पुत्र राम किंकर सिंह निवासी चिल्ली मल चित्रकूट घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। यहां शिवशरण को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दीवार ढहने से किशोरी की दबकर मौत

**बांदा।** गिरवां थाना क्षेत्र के ऐला गांव निवासी खुशबू (14) पुत्री अवधेशबाबू आरख सोमवार की शाम मंदिर से पूजा करने के बाद वापस घर लौट रही थी। जैसे ही वह घर के समीप पहुंची कि पड़ोसी भुइयां प्रजापति की कच्ची दीवार भरभराकर ढह गयी। इससे वह मलबे में दब गयी। शोर सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर अस्पताल आ गए थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आयुर्वेद दिवस : आयुर्वेद चिकित्सालय उरई में आयोजित किया गया

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** आयुर्वेद दिवस का आयोजन 50 शैय्या एकीकृत चिकित्सालय उरई मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. संजीव कुमार ने की। कार्यक्रम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा अभिषेक सिंह, कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के सभी डॉक्टर व स्टाफ मौजूद रहा डॉक्टरों ने आयुर्वेदिक के जनक धनवंतरी की चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और सभी चिकित्सकों द्वारा पुष्प अर्पित कर तीनों पद्धति के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। जहां डॉक्टरों द्वारा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी और किन किन पद्धतियों से आयुर्वेद चिकित्सालय मे मरीज का इलाज किया जा रहा।






आयुर्वेद, होम्योपैथिक, यूनानी, तीन प्रकार से मरीजों का इलाज किया जाता एक ही क्षत के नीचे, 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय उरई में विभिन्न पद्धतियों से जटिल रोगों का निःशुल्क उपचार सायटिका, सर्वाइकल, घुटनों के दर्द सहित अन्य कई समस्याओं का हो रहा सफल इलाज 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, उरई जालौन में वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह के कुशल नेतृत्व में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं पैथोलॉजी जैसी विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से रोगियों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। चिकित्सालय में अनुभवी चिकित्सकों की टीम नियमित रूप से रोगियों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा प्रदान कर रही है।

विशेष रूप से फिजियोथेरेपी विभाग, व पंचकर्म विभाग सक्रिय भूमिका निभा रहा है। फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. धीरज कुमार सेन तथा उनके सहयोगी ओमजी और खुशबू के मार्गदर्शन में सायटिका, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, घुटनों एवं कंधों के दर्द, हाथ-पैरों में झुनझुनी अथवा सुन्नपन जैसी समस्याओं का इलाज थेरपी, योग एवं पंचकर्म चिकित्सा के माध्यम से सफलतापूर्वक किया जा रहा है।डॉ. धीरज कुमार सेन ने जानकारी दी कि फिजियोथेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा से मरीजों को बिना दवा के राहत मिल रही है, जो कि आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न कई रोगों के लिए एक प्रभावशाली समाधान है। उन्होंने बताया कि यह समस्त सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं तथा आमजन की भलाई को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह चिकित्सा सुविधा प्रदेश मे 15, से 20 जिलों मे उपलब्ध हैं सरकार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सालय पर पूरा ध्यान दिया जा रहा जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके। यह चिकित्सालय न केवल शहर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी स्वास्थ्य सेवा का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। पुराने व जटिल दर्दों से पीड़ित मरीजों को यहाँ उपचार से राहत मिल रही है, जिससे यह पहल लोगों के लिए आशा की नई किरण साबित हो रही है। इस पद्धति से मरीजों को सही उपचार दिया जा रहा।

आयुर्वेदिक पद्धति के जनक डा धनवंतरी, होम्योपैथिक पद्धति के जनक डा क्रिश्चियन हैनीमैन, यूनानी पद्धति के जनक डा बुकरात, 1- योगा के माध्यम से 2- फिजियोथैरेपी देकर इलाज किया जाता, 3- पंचकर्म के माध्यम से मरीजों को इलाज दिया जाता, 4- पैथोलॉजी मे सभी तरह की जांच की जाती साथ ही चिकित्सालय में आई दी डी की व्यवस्था है। चिकित्सा अधीक्षक डा अभिषेक सिंह, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद डा संजीव कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक डॉ निधी शुक्ला, चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद डा सागर गोस्वामी, चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक डॉ शहबाज, फिजियोथैरेपी डा धीरज कुमार सैन, पंचकर्म डा सोनी देवी, आकाश, पैथोलॉजी इंचार्ज, सौरभ, शशि यादव लैब टैकनीशियन, रेजिडेंटल चिकित्सा अधिकारी डॉ जयपाल सिंह द्वारा सभी मरीजों को उचित उपचार दिया जाता जहा एक तरफ ज्यादा तर मरीज एलोपैथिक उपचार के लिए भागते है। अगर यही मरीज आयुर्वेदिक पद्धति से अपना इलाज मुफ्त में कराए और पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहे क्योंकि इस 50 शैय्या एकीकृत आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीजों को निशुल्क इलाज दिया जाता है जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता किसी भी प्रकार की मरीज दवा खाता है तो उसे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है।

## एक नजर

### कक्षा आठ की छात्रा महक शर्मा एक दिन के लिए बनी तहसीलदार



**कसया कुशीनगर।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा महक शर्मा मिशन शक्ति के तहत हाटा तहसील में एक दिन के लिए तहसीलदार बनी और लोगों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। तहसीलदार मौजूदगी में उन्होंने तहसीलदार कार्यालय में फरियादियों की शिकायतें सुन उनके निस्तारण के आदेश दिए। वहीं विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने कोर्ट और प्रशासनिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इसके साथ ही छात्र–छात्राओं ने पूरे तहसील परिसर में सभी विभाग के कक्ष में जाकर जानकारी हासिल किय। एक दिन के लिए बनी तहसीलदार महक शर्मा ने कहा कि अपने तहसील क्षेत्र के बहुमुखी विकास के लिए हर कदम उठाकर विकास किया जायेगा।

### विद्युत चपेट में आने से किशोर की मौत

**कुबेरस्थान।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा जटामपुर के डिहवा टोला में बने दुर्गा पंडाल में विद्युत आपूर्ति देने के लिए जनरेटर का तार जोड़ते समय करेंट लगने से तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कोरेयां गांव निवासी 18 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक कुबेरस्थान थाना क्षेत्र पिपरा जटामपुर गांव के डिहवा टोला में बने दुर्गा पंडाल में विद्युत आपूर्ति देने के लिए जेनरेटर का तार जोड़ रहा आशीष प्रजापति पुत्र नवल प्रजापति उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम कोरया थाना तुर्कपटी विद्युत की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद वहां मौजूद दुर्गा पूजा पूजा आयोजन समिति के सदस्यों ने आननफानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी कुबेरनाथ पहुंचाया। जहां घायल युवक की स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद सरकारी एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल भेजवाया गया जहां आशीष को देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### उपजिलाधिकारी के निरीक्षण में महिला का आरोप निराधार

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** सेवरही विकास खण्ड के ग्राम सभा जवही मलही एहतमाली निवासिनी एक महिला ने मुख्यमंत्री को दिये शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान और लेखपाल पर विभिन्न आरोप लगाते हुए बताया था कि महिला गांव के आबादी के भूमि पर झोपड़ी डाल गुजर बसर करती आयी है। जबकि प्रधान के सह पर उसके घर को उजाड़ा जा रहा है। मामले के संज्ञान में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा मौके पर स्थलिय जांच किया तो महिला के आरोप निराधार साबित हुए। जानकारी के अनुसार महिला ललीता देवी पत्नी दुर्गेश ने मुख्यमंत्री को दिये शिकायती पत्र में बताया था कि महिला पूर्व से ही गांव के आबादी के जमीन में अपने परिवार के साथ काबिज है। जबकि गांव के प्रधान और लेखपाल बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश पच्चास हजार रूपये ले लिये। गांव के कुछ अन्य लोगों पर आरोप लगाया कि महिला के गैर जानकारी लोग उसके घर को उजाड़ने लगे। सामान भी उठा ले गये, जाती सूचक गाली भी दी गयी। प्रार्थी खुले आसमान के नीचे समय बिता रही है जबकि प्रतिबादी और पैसे की मांग कर रहे हैं जिसका रिकार्ड महिला के पास उपलब्ध है। जब आवेदन के संज्ञान में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा गांव में पहुंची तो दूध और पानी अलग अलग हो गये महिला के पास पक्का मकान पहले से ही उपलब्ध पाये गये जबकि ग्रामीण ने आरोप को निराधार बताया और रास्ते के विषय में भी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई है। इस दौरान ग्रामीणों में कृष्णा निसाद, चंडी प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, केदार गुप्ता, काशी शाह, नन्दलाल प्रसाद, राजेन्द्र चौरसिया आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




### घर में रुपये की चोरों का आरोप, तहरीर

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** पटहेरवा थाना क्षेत्र गांव सिंदुरिया बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि कोई अज्ञात चोर दिन के दोपहर में उनके घर में घुसकर आभूषण सहित कुछ अमेरिकी डालर चुरा ले गया ।यह घटना उस समय हुई जब वह घर से खाना खाकर घर के कुछ दूरी पर स्थित घोठा पर चल गया ।पीड़ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। घटना मंगलवार की दोपहर की बताई गई है। पीड़ित रामजी यादव पुलिस को तहरीर में लिखा है कि घटना दिन वह करीब 11 बजे दिन में घर से खाना खाकर घर से कुछ दूरी पर स्थित घोठा पर पशुओं को देखभाल करने चला गया ।उस समय घर पर कोई नही था ।इसी दौरान उसके घर मे कोई अज्ञात चोर घुसकर घर में आभूषण( मंगलसूत्र, कान की झुमका, मांगटीका,पाजेब आदि) व दस हजार नकद सहित कुछ अमेरिकी डालर चुरा लिया है ।सूचना पर क्षेत्राधिकारी राकेश प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र व फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच में लगी है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना में अपने ही शामिल है। जल्द ही मामले की खुलासा कर दी जायेगी।

### झोलाछाप फर्जी डॉक्टर की क्लीनिक को सीएससी अधीक्षक और तहसीलदार की टीम ने किया सेल



**हजपुरा, अम्बेडकर नगर।** जनपद के जलालपुर तहसील के हजपुरा में अवैध रूप से चल रही क्लीनिक पर प्रशासन ने कार्रवाई की। तहसीलदार जलालपुर गरिमा भार्गव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश के नेतृत्व में टीम शिकायत के आधार पर छापा मारा। जांच के दौरान क्लीनिक में मौजूद कथित चिकित्सक सुनील कुमार कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। टीम को क्लीनिक का संचालन अवैध रूप से होता हुआ मिला। इसके बाद जांच टीम ने तत्काल क्लीनिक को सील कर दिया। इस कार्रवाई में तहसीलदार और अधीक्षक के अलावा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी और फार्मासिस्ट मनोज यादव भी मौजूद रहे।

# काशी के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का जोरदार माहौल

## योगी सरकार ने 433 गांवों में बनाए खेल मैदान, 104 गांवों में ओपन जिम का निर्माण

**गोविंद तिवारी**

**वाराणसी।** काशी के ग्रामीण क्षेत्रों में अब खेलों का माहौल दिखने लगा है। योगी सरकार ने खेलों में रुचि पैदा करने और युवाओं को सक्रिय रखने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान तैयार करने का काम तेज कर दिया है। वाराणसी के 433 ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान बन चुके हैं और 104 गांवों में ओपन जिम का निर्माण कराया गया है। शेष 261 ग्राम पंचायतों में जल्द ही खेल के मैदान बनकर तैयार हो जाएंगे।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित किए गए खेल मैदानों से गांवों में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने और अपनी क्षमता को विकसित करने का अवसर मिलेगा। इससे भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि वाराणसी जिले में कुल 694 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से 433 ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान बन चुके हैं और शेष 261 ग्राम पंचायतों में जल्द ही निर्माण कार्य पूरा होगा। खेल मैदानों का निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया गया है।



खेल मैदान और ओपन जिम न केवल युवाओं के लिए बल्कि महिलाओं और बच्चों के लिए भी फायदेमंद साबित हो रहे हैं। ये बुनियादी सुविधाएं ग्रामीण स्तर पर शारीरिक गतिविधियों और खेल के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद कर रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अब बच्चे और युवा अपने गांव में ही नियमित खेल और व्यायाम कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। इससे भविष्य में ओलंपिक और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार विजेताओं के रूप में गांव की पहचान भी बढ़ सकती है।

हिमांशु नागपाल ने बताया कि योगी सरकार की यह पहल ग्रामीण स्तर पर स्वस्थ और सक्रिय समुदाय के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खेल मैदानों और ओपन जिम की मौजूदगी से न केवल युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित किया जा रहा है, बल्कि सामाजिक रूप से भी गांवों में सामूहिक गतिविधियों और खेल प्रतियोगिताओं का माहौल बन रहा है। वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के लिए तैयार किए गए ये मैदान बच्चों, युवाओं और युवतियों के लिए समान रूप से उपलब्ध हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ रही है और स्थानीय स्तर पर ही खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का अवसर मिल रहा है। अधिकारी बताते हैं कि आने वाले वर्षों में इन मैदानों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का निर्माण संभव होगा।

खेल मैदानों की सफलता के पीछे स्थानीय प्रशासन की सक्रिय भूमिका और मनरेगा योजना के तहत निरंतर निगरानी का योगदान भी है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के हर युवा तक खेल और व्यायाम की सुविधाएं पहुंचें और प्रतिभाओं को तराशने का अवसर मिले। वाराणसी के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदानों और ओपन जिम के निर्माण से न केवल खेलों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति लोगों की जागरूकता भी बढ़ेगी। यह पहल ग्रामीण युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने, उनकी प्रतिभाओं को निखारने और खेल के क्षेत्र में नए नाम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है।


### बिना मान्यता के संचालित विद्यालय पर बीईओ ने लगवाया ताला

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** मंगलवार को सेवरही विकास खंड के अंतर्गत गड़हिया मोहन गांव में पांचवीं कक्षा तक संचालित एक विद्यालय को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डॉ. प्रभातचंद राय ने निरीक्षण के उपरांत तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। विद्यालय बिना किसी शैक्षिक मान्यता के कई महीनों से संचालन कर रहा था, जिससे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा था। निरीक्षण के दौरान बीईओ को विद्यालय में न तो कोई मान्यता पत्र मिला और न ही पंजीकरण से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता भी संदिग्ध पाई गई। खंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रभातचंद राय ने बताया कि बिना मान्यता के विद्यालय संचालित करना अवैध ही नहीं बच्चों के शैक्षिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। संबंधित विद्यालय को तत्काल बंद कराया गया है और संचालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# एसटीएफ ने अंतरराष्ट्रीय असलहा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध असलहा तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को एसटीएफ ने बुधवार को दबोच लिया। कार्रवाई वाराणसी के सारनाथ थानाक्षेत्र के फरीदपुर रिंग रोड अंडरपास के पास की गई। टीम ने मौके से 10 अदद अवैध पिस्टल, 15 अदद मैगजीन, तीन मोबाइल फोन और 1700 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रशांत राय उर्फ जीतू राय निवासी चंदनपुर कुडूमर थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर, राहुल ठाकुर उर्फ शेरलाल ठाकुर निवासी बक्सर बिहार और मुकुंद प्रधान निवासी गाजीपुर के रूप में हुई है। एसटीएफ को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि बिहार और सीमावर्ती जिलों से जुड़े असलहा तस्कर वाराणसी और आसपास सक्रिय हैं। इसी आधार पर एसटीएफ फील्ड इकाई वाराणसी ने टीम गठित कर जाल बिछाया और तीनों को रंगे हाथ दबोच लिया।





पूछताछ में अभियुक्तों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। प्रशांत राय ने कबूल किया कि वह बिहार के सीमावर्ती जिलों से 20 से 25 हजार रुपये में अवैध पिस्टल खरीदता था और फिर गाजीपुर, वाराणसी और आसपास के क्षेत्रों में 40 से 50 हजार रुपये में बेच देता था। गिरोह का नेटवर्क इतना मजबूत था कि स्थानीय तस्करों तक ये हथियार आसानी से पहुँचाए जाते थे। राहुल ठाकुर और मुकुंद प्रधान भी इस तस्करी में बराबर के साझेदार थे। इनका संपर्क बिहार और झारखंड के कुख्यात हथियार सप्लायरों से था। पकड़े गए अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया कि पहचान बदलकर और फर्जी नाम से मोबाइल नंबर लेकर कारोबार करते थे ताकि पुलिस की पकड़ में न आ सकें।

एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार यह गिरोह पिछले कई महीनों से सक्रिय था और चुनावों व त्योहारों से पहले इनकी गतिविधियाँ और तेज हो जाती थीं। गिरफ्तार अभियुक्तों के तार गाजीपुर और बिहार के अलावा अन्य सीमावर्ती जिलों से भी जुड़े पाए गए हैं। पुलिस को शक है कि इनकी डिलीवरी उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी होती रही है। बरामद हथियारों और मोबाइल फोनों की जांच के बाद नेटवर्क के और लोगों तक पहुँचने की संभावना है।

गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना सारनाथ, जनपद वाराणसी में मुकदमा अपराध संख्या 452/2025 धारा 111 बीपीएससी व 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि एसटीएफ की यह सफलता बड़े स्तर पर अवैध असलहा नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में अहम कदम है। पूछताछ में मिली जानकारियों के आधार पर और गिरफ्तारियाँ हो सकती हैं।

# बीएचयू में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का भव्य आयोजन

» कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने स्कूली बच्चों को आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों से अवगत कराने पर दिया जोर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में मंगलवार को 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि आयुर्वेद को आगे बढ़ाने के लिए स्कूली बच्चों को इसके मूल सिद्धांतों के बारे में बताना बेहद जरूरी है ताकि वे इसके महत्व और कार्य प्रणाली को समझ सकें। कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का उद्देश्य व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर आयुर्वेद की भूमिका और महत्व को व्यापक रूप से जनता तक पहुंचाना है।

कुलपति प्रो. चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय समाज में आयुर्वेद को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जिसके वह हकदार हैं। बीएचयू और आयुर्वेद जगत के विशेषज्ञों को मिलकर ठोस योजना बनानी होगी ताकि यह प्राचीन चिकित्सा प्रणाली अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। उन्होंने याद दिलाया कि विश्वविद्यालय की स्थापना के समय मालवीय जी ने आयुर्वेद को केन्द्र में रखा था और इससे प्रेरणा लेकर भविष्य में इसे विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया जा सकता है। उन्होंने आयुर्वेद संकाय के आचार्यों को अटल इन्क्यूबेशन सेंटर की मदद से आयुर्वेदिक दवाओं का पेटेंट, अनुसंधान और उद्योगों के साथ एमओयू के माध्यम से व्यावसायिक विस्तार करने के लिए कदम बढ़ाने की सलाह दी।

विशिष्ट अतिथि प्रो. मनोरंजन साहू, पूर्व संकाय प्रमुख, आयुर्वेद संकाय ने कहा कि आधुनिक समय में बीमारियों की प्रकृति बदल गई है। पहले संक्रमण आधारित रोग अधिक थे, जबकि आज डायबिटीज़, हाइपरटेंशन और मोटापा जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ अधिक देखी जा रही हैं। आयुर्वेद इन रोगों को रोकने और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. एस. एन. संखवार, निदेशक, चिकित्सा विज्ञान संस्थान ने कहा कि कोविड काल में आयुर्वेद ने भारत में रोगियों के इलाज में महत्वपूर्ण सहयोग किया। उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण कोरिया, चीन, श्रीलंका और अन्य देशों के विद्यार्थी बीएचयू में एमओयू के तहत आयुर्वेद का अध्ययन करने आ रहे हैं।

कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों का स्वागत प्रो. प्रदीप कुमार गोस्वामी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. के. एन. मुर्ति ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. चन्द्रशेखर पाण्डेय ने किया। उद्घाटन सत्र के बाद अकादमिक सत्र में प्रो. आर. बी. द्विवेदी और वैद्य बालेन्दु प्रकाश ने आयुर्वेद के महत्व और आधुनिक उपयोग पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर आयुर्वेद पर आधारित पांच पुस्तकों का विमोचन भी किया गया और आयोजन स्थल पर आयुर्वेदिक दवाओं व उत्पादों के स्टॉल भी लगाये गये, जिससे जनता को इन उत्पादों के लाभ से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आचार्यगण, विद्यार्थी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. चतुर्वेदी ने सभी को प्रेरित किया कि वे आयुर्वेद को एक शक्तिशाली और प्रासंगिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्थापित करने में योगदान दें और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास करें।

### फाजिलनगर के व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** कस्बे के जाने-माने व्यवसायी की सोमवार की शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रमेश जायसवाल पुत्र हरिहर जायसवाल उम्र 55 वर्ष निवासी राजापाकड़, लंबे समय से फाजिलनगर में रहकर अल्बेस्टर कैटरिंग सामग्री का व्यवसाय कर रहे थे। सोमवार को किसी कार्य से वे मोटरसाइकिल से कसया गए थे। लौटते समय राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर माधुरिया इंटर कॉलेज के समीप उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रमेश जायसवाल को तत्काल फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल से गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी असामयिक मृत्यु से पूरे व्यापारिक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का काशी आगमन

» भदोही जाने से पहले कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी, बाबतपुर एयरपोर्ट।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह मंगलवार को भदोही के लिए प्रस्थान करने से पहले काशी लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर पहुंचे। उनके आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया।

स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से धर्मेंद्र राय विधायक, रमाशंकर पटेल विधायक, बृजेश गुप्ता, प्रियंका जायसवाल, विपिन सिंह सहित प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा एवं क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा काशी प्रांत शैलेश पाण्डेय और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महामंत्री का फूलमालाओं और तिरंगे झंडों के साथ स्वागत किया। अरुण सिंह के आगमन के दौरान कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल देखा गया। स्थानीय नेताओं ने उन्हें आगामी कार्यक्रमों और भदोही की जनसभाओं की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।



भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर एकजुटता और संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री का आगमन पार्टी की मजबूती और आगामी चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देगा।

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान रखा गया था। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अरुण सिंह के प्रति अपने उत्साह और सम्मान का इज़हार करते हुए स्वागत समारोह को सफल बनाया।

## फाजिलनगर में बहनों की जंग : मां–बेटी सड़क पर, दबंगई के सहारे दुकान पर ताला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** कस्बे की जिला पंचायत दुकान नंबर 3 (शिव मंदिर के सामने) आज पूरे क्षेत्र की सुर्खियों में है। पान–मसाले की थोक दुकान चलाने वाले स्व. लल्लन चौरसिया की मौत के बाद उनकी विरासत पर दो बहनों की लड़ाई ने अब सियासी रंग पकड़ लिया है।

कस्बेवासियों के बताने के अनुसार लल्लन चौरसिया की तीन बेटियां थीं। बड़ी बेटी की शादी 20 साल पहले देवरिया में कर दी गई, तब से मायके से नाता लगभग खत्म।बीमारी के दौरान छोटी बेटी रंजना ने पिता का इलाज और देखभाल की।

पिता ने जीवित रहते ही दुकान की वसीयत रंजना के नाम कर दी।आरोप है कि बड़ी बहन निर्मला ने कूट रचित तरीके से, कस्बे के रसूखदार छोटू भैया उर्फ पुलिसिया नेता की दबंगई और पुलिस की मिलीभगत से दुकान अपने नाम करा ली और जबरन दुकान पर ताला जड़ दिया गया। लाखों रुपये का कच्चा माल अंदर सड़ रहा है।

रंजना और उनकी वृद्ध मां सड़क पर आ गईं। कस्बे के लोगों और व्यापारियों का कहना है कि यह मामला सिर्फ दो बहनों का नहीं, बल्कि व्यापारी हित और न्याय का सवाल है। आम व्यापारी पूछ रहे हैं कि क्या संगठन सिर्फ बड़े व्यापारियों के लिए है। यह विवाद अब सीधे राजनीतिक गलियारों में गूंज रहा है।

भाजपा नेताओं का दावा है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा हो, इंसाफ जरूर मिलेगा। वृद्ध मां और बेटी रंजना की हालत बेहद दयनीय है। जिस दुकान से रोटी–इलाज चलता था, उसी पर ताले ने हमें भूखमरी पर ला दिया। क्या उन्हें कभी इंसाफ मिलेगा।

# बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

» दौड़, लंबी कूद व कबड्डी में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

» जितेंद्र, अंशिका, लक्की, हसीना व कालू रहे आकर्षण का केंद्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** मंगलवार को दुदही विकास खंड के बांसगांव न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गौरीश्रीराम स्थित मिनी स्टेडियम में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जोश के साथ भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।



ब्लाक व्यायाम शिक्षक अमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में सहायक अध्यापक राजेश यादव, धनंजय मिश्र, आफताब आलम, अनुदेशकगण अमित कन्नौजिया, पुण्यप्रकाश गिरी व अरविंद कुमार की देखरेख में हुई प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में सुजीत यादव, 100 मीटर में जितेंद्र, 200 मीटर में जयकेश और 400 मीटर में दिव्यांश यादव प्रथम स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में 50 मीटर में ममता, 100 व 200 मीटर में अंशिका और 400 मीटर में रवीना ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर की स्पर्धाओं में बालक वर्ग में 100 मीटर में कालू, 200 मीटर में करन तथा 400 व 600 मीटर में लक्की ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में 100 मीटर में चांदनी पाल, 200 में अफरीना और 400 व 600 मीटर में हसीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में बालक वर्ग से शिवम और बालिका वर्ग से हसीना विजेता रहीं।

कबड्डी में प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में गौरी शुक्ल व बालिका वर्ग में पांडेय पट्टी की टीम विजेता रही। जूनियर स्तर पर बालक वर्ग में गौरी शुक्ल और बालिका वर्ग में बांसगांव ने प्रथम स्थान हासिल किया। अन्य खेलों में भी प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया और प्रतियोगिता को रोचक बना दिया। खंड शिक्षा अधिकारी डा. प्रभातचंद राय ने कहा कि बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी निखारती हैं।

नोडल शिक्षक जवाहर प्रसाद के संयोजकत्व में आयोजित प्रतियोगिता में दुर्गेश सिंह, योगेश चंद गुप्ता, दीपक राजभर, ओम प्रकाश सिंह, संजय पांडेय, उपेंद्र गुप्ता, मुनीब प्रसाद, रामायण कुशवाहा, अवधेश मिश्र, आलोक पांडेय, अरविंद पांडेय, नीतेश कुमार, परमहंस गोंड, विपिन बिहारी चौबे, सुनील प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** — रीजनल रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता पटना में कुशीनगर के भी छात्रों ने किया प्रतिभाग

# ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने कान्वेंट के छात्रों को दी टक्कर : एसएन त्रिपाठी

» उत्तर प्रदेश–बिहार को संयुक्त रूप से चौथा स्थान मिला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता के विजेता इस जिले के भारतीय इंटर कालेज पडरौना के छात्र सूर्यांश कश्यप एवं प्रियांसी गुप्ता ने पटना के गांधी टावर सेमिनार में 'रीजनल रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता' 22 सितम्बर 2025 को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम पटना द्वारा प्रायोजित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के तरफ़ से प्रतिभाग किया।

इन दोनों को इस प्रतियोगिता में बिहार के प्रतिभागियों के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रथम स्थान तेलांगाना के छात्रों को मिला है।

विदित हो कि गाँधी टॉवर, पटना में रीजनल रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के आईईसी अनुभाग के सहायक निदेशक अनुज दीक्षित के नेतृत्व में यूपी के छात्र तथा बिहार, गुजरात, दादरा नगर हवेली एवं दमन दिव, गुजरात झारखण्ड, छत्तीसगढ़ व उड़ीसा राज्य के विजेताओं ने प्रतिभाग किया था काफी कड़ा मुकाबला में प्रथम तेलंगाना, द्वितीय स्थान छत्तीसगढ़ व तृतीय स्थान उड़ीसा के छात्रों ने बाजी मारी वही बीआईसी पडरौना, कुशीनगर के छात्रा प्रियांसी गुप्ता एवं सूर्यांश कश्यप ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करने की वावजूद यूपी व बिहार के छात्रों को संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा।



जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एसएन त्रिपाठी ने कहा कि खुशी है कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में कुशीनगर के ग्रामीण क्षेत्र एवं हिन्दी भाषी बच्चों ने प्रतिभाग किया तथा कान्वेंट स्कूल के छात्रों को टक्कर दिया छात्र ईमानदारी और लगन से अध्ययन करे भविष्य उज्जवल होगा।

बीआईसी ग्रुप के चेयरमैन एन पी कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नही है। बच्चों को संसाधन मिले , तो हर क्षेत्र में परचम लहरायेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रियांसी गुप्ता व सूर्यांश कश्यप सहित विद्यालय परिवार के प्रयास की तारीफ की।

जिला टीबी - एचआईवी समन्वयक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी में एचआईवी-एड्स की सही जानकारी रोकथाम के लिए बचाव उपाय और ट्रीटमेन्ट आदि का प्रसार-प्रचार किया जाना है, ताकि स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत का नारा बुलन्द हो सके।

## विधान परिषद सदस्य ने फीता काटकर किया रामलीला का उद्घाटन, मुकुट पूजन के बने साक्षी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** रामलीला मैदान में श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक पावन कार्यक्रम में मुकुट पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ. हरिओम पांडे ने विशिष्ट अतिथि एसडीएम राहुल गुप्ता के साथ फीता काटकर रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव मिश्र ने की। इस अवसर पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक जेद अहमद, ईओ अरविंद कुमार, चंद्रिका प्रसाद, अरुण सिंह, अखिल सेठ, डॉ अवधेश शुक्ल, सुरेंद्र सोनी, रामचंद्र जायसवाल, गुड्डन मिश्र, विनोद मेहरोत्रा, वरिष्ठ नेता हृदय मणि मिश्र, संजय सिंह, राम किशोर राजभर, कमर हयात, डॉ आरआर शुक्ल, मीसम रजा, अजीत निषाद, आशीष सोनी, लालचंद, कृष्ण गोपाल गुप्त, सुशील अग्रवाल, अतुल जायसवाल, अरुण मिश्र, राधेश्याम शुक्ला, आशाराम मौर्य, विकाश निषाद, दिलीप यादव, मोहन जायसवाल, अतेंद्र त्रिपाठी, मनीष सोनी, विक्की गौतम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।



रामलीला सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रहरि तथा रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी की अध्यक्षता में भी मुकुट पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रामलीला की शुरुआत का यह पारंपरिक अनुष्ठान भगवान राम की शक्ति और विजय का प्रतीक माना जाता है। दोनों कार्यक्रमों में महामंत्री सुरेश गुप्त,दीपचंद सोनी, बेचन पांडे, उपाध्यक्ष आनंद मिश्र,विकाश जायसवाल,हरिओम सोनी, उपाध्यक्ष सोनू गौड़,प्रबंधक सोनू गुप्ता समेत मौजूद रहे।

# दो महिलाओं समेत तीन को पिकअप ने रौंदा

## सुबह की सैर से लौट रही थीं महिलाएं, पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया, चालक फरार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** बहराइच-बलरामपुर मार्ग पर मंगलवार सुबह साढ़े छहः बजे तेज गति की एक पिकअप ने दो महिला समेत तीन लोगों को रौंद दिया। पिकअप बलरामपुर की ओर से बहराइच आ रही थी। पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने तीनों के शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर चालक की तलाश तेज कर दी है। मंगलवार को सुबह 5:00 बजे सुहापारा गौरा गांव निवासी राजेश द्विवेदी उम्र 50 वर्ष, संतोष कुमारी उम्र 57 वर्ष और जयंती उम्र 55 वर्ष मॉर्निंग वॉक के लिए बहराइच बलरामपुर मार्ग पर निकले थे। तीनों मॉर्निंग वॉक से लौट रहे थे। जब यह तीनों वापस लौटते समय निर्माणधीन रिफाइनरी निकट अशोका पार्क बहराइच बलरामपुर मार्ग के पास पहुंचे तभी अचानक पीछे से आ रहे पिकअप वाहन ने रौंद दिया। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब साढ़े 6 बजे की है। टक्कर के बाद पिकप वाहन सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। चालक मौके से फरार हो गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और मृतकों के परिजनों को दी। सूचना पाकर प्रभारी निदेशक दरगाह शरीफ डलवाल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एंबुलेंस बुलाकर तीनों गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया लेकिन चिकित्सकों ने तीनों गंभीर घायलों को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार राजेश सुबह टहलते हुए खेत जा रहे थे। संतोष कुमारी और जयंती पास के पार्क से टहलकर वापस लौट रही थीं। तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस उपाधीक्षक नगर पहुप सिंह ने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलते ही कार्रवाई की। परिजनों को भी सूचना दी गई परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# मंझारा तौकली में आदमखोर जंगली जानवर का आतंक जोरो पर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कैसरगंज,बहराइच।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मंझारा तौकली ग्राम बाबा बांग्ला में मंगलवार के दिन समय करीब 2:00 बजे परिजनों के बीच से आदमखोर जंगली जानवर 3 साल के मासूम बच्चे को उठा ले गया। परिजनों ने उसका पीछा किया तो काफी मेहनत और मशक्कत के बाद करीब 1 किलोमीटर दौड़ने पर उसने बच्चे को छोड़ दिया। लेकिन मासूम बच्चे की हालत चिंता जनक है।

बच्चों को तत्काल प्रभाव से मौके पर मौजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज भिजवाया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की बहुत ही लचर व्यवस्था है। मौके पर पर्याप्त मात्रा में वन विभाग की टीम भी नहीं है। पुलिस के सुरक्षाकर्मी भी बहुत कम संख्या में है एंबुलेंस की कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामवासी दिन और रात जाग कर हांका लगाकर अपने गांव की पहरेदारी करते हैं। लेकिन इतनी कठोर पहरेदारी के बावजूद भी जंगली जानवर इतने सर्कस है कि वह परिजनों के मौजूदगी में ही बच्चों को अपना निवाला बना लेता है। जिससे हम मंझारा तौकली के ग्रामवासियों में डर भय का माहौल व्याप्त है।

# भाजपा विधायक व ब्लॉक प्रमुख समर्थकों में चले ईंट-पत्थर व लाठी डंडे, दर्जनों घायल



**गोंडा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा जीएसटी के घटाए जाने के निर्णय के उपलक्ष में कटरा विधानसभा क्षेत्र मेंआयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय विधायक व कटरा ब्लॉक के प्रमुख के समर्थकों के बीच जमकर बवाल हो गया दोनों पक्षों की ओर से पत्थर बाजी के साथ लाठी डंडे भी चलने लगे मौके पर मौजूद किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी ने गोली चलने की भी बात कही है। मौके पर विधायक के समर्थक धरने पर बैठकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी के साथ कई थानों की फोर्स तैनात हैं। कटरा ब्लॉक सभागार में जीएसटी घटाए जाने को लेकर पार्टी की ओर से कटरा ब्लॉक पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना था कटरा ब्लॉक के प्रमुख भवानी भीख शुक्ला ब्लॉक पर पहले से मौजूद थे कार्यक्रम में अपने समर्थकों के साथ क्षेत्रीय विधायक 52 सिंह के पुत्र मोनू सिंह अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे और दोनों जनप्रतिनिधियों के समर्थकों की ओर से नारेबाजी शुरू हो गई कुछ ही देर में दोनों पक्षों की ओर से ईंट पत्थर चलने लगे प्रमुख और विधायक के समर्थक के बीच जमकर बवाल होने लगा पथराव के दौरान ब्लॉक प्रमुख पुत्र सहित दर्जनों लोग घायल हो गए घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ सिटी ने दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया विधायक के समर्थक मौके पर ही धरने पर बैठ गए और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए मौके पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई फिलहाल इस घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक संपन्न



**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड रेहरा बाजार की एक दिवसीय समन्वय बैठक मंगलवार को साबित्री देवी मैरिज हाल, रेहरा बाजार में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दोपहर 2:00 बजे हुआ। इस दौरान संघ परिवार एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग प्रचारक प्रबीण जी, भारत नरेश सिंह संघ चालक रेहरा बाजार खंड, शैलेन्द्र सहकार्यवाह उपस्थित रहे। वहीं भाजपा की ओर से पंकज सिंह चौहान, सुधाकर सिंह, जिलेदार पांडेय, रामकरण मिश्रा, विशाल चतुर्वेदी, राधेश्याम वर्मा, लालमन वर्मा मौजूद रहे। इसके अलावा बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, बाबा जयगुरूदेव संस्था, शैक्षिक महासंघ (ABVP), तथा विभिन्न आश्रमों से जुड़े धर्मगुरुओं ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में भानुप्रताप (खंड कार्यवाह विश्व हिंदू परिषद), श्याम जी वर्मा, बिष्णु प्रताप गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, जयगुरूदेव संस्था से जगदम्बा सिंह व धर्म प्रकाश,रमेश चंद्र तिवारी, बहरैची प्रसाद गुप्ता,हनुमान प्रसाद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों व जनजागरण अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### मीटर लगा नहीं, बिजली बिल आई 80000 उपभोक्ता परेशान

**बाबागंज, बहराइच।** विकासखंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत भगवानपुर में बिना मीटर लगाए ही 80000 रुपये की बिजली बिल का मामला सामने आया है। इस मामले में उपभोक्ता ने बिजली विभाग के अधिकारियों के कई बार चक्कर लगाए लेकिन सुनवाई नहीं हुई। थक हार कर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। बिजली विभाग की कार्यशैली को लेकर लोगों में आक्रोश है। मामला ब्लॉक क्षेत्र के बाबागंज स्थित ग्राम पंचायत सोरहिया के मजरा भगवानपुर का है। विद्युत उपभोक्ता गामिनी देवी पत्नी नकछेद ने बताया कि उसका एक किलो वाट का कनेक्शन है। उसका गांव सहाबा विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आता है। उसका कनेक्शन कर दिया गया,लेकिन मीटर नहीं लगाया गया। वह गर्मी के दिनों में दो पंखे और चार एलईडी बल्ब का उपभोग करती है। बिजली विभाग से कई बार मीटर लगाने का अनुरोध किया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बिना मीटर लगाए ही 80000 रुपये का बिल भेज दिया है। जबकि पूर्व में जो भी बिल आती रही उपभोक्ता की ओर से जमा किया गया है। नई बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता काफी परेशान है। उपभोक्ता का कहना है बिजली का कनेक्शन कर दिया गया है। लेकिन कई बार कहने के बाद भी अभी तक मीटर नहीं लगाया गया है। एक ही बार में 80 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया और आरसी काट दी गई। विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। जिसे लेकर बिजली विभाग का चक्कर काटना पड़ रहा है। इस संबंध में एसडीओ से बात करने की कोशिश की तो बात नहीं हो पाई।

### 132 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पर प्रशिक्षण संपन्न



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** रेहरा बाजार क्षेत्र की 132 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पानी संस्थान द्वारा बुनियाद परियोजना के अंतर्गत प्रति माह आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय गूमा फातिमाजोत में पानी संस्थान से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर जया श्रीवास्तव, फील्ड कोऑर्डिनेटर अर्चना शबाना,क्वेस्ट संस्थान से मीनल ताई तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री शगुफ्ता,शोभावती, विजयलक्ष्मी, अंजना श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, सुमित्रा सहित अन्य कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों की देखभाल के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का दक्ष होना आवश्यक है। नियमित प्रशिक्षण से कार्यकत्रियों को बच्चों की शैक्षिक और सामाजिक जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने में मदद मिलेगी।

# पुरस्कार वितरण से हुआ अग्रसेन जयंती समारोह का समापन

## विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बांटे गए पुरस्कार धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में चल रहे अग्रसेन जयंती समारोह आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी जयंती धूमधाम से मनाई गई, कार्यक्रम देर शाम तक चला।



कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता महिलाओं की नृत्य प्रतियोगिता , पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता ,पार्ट पेंटिंग प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, मंडाला आर्ट ड्राइंग प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता ,एकल नृत्य प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिता, आरती थाल प्रतियोगिता ,व्यंजन मीठा - नमकीन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को अग्रवाल नव युवक संघ द्वारा सम्मानित किया गया। एवं समाज के होनहार बच्चों को भी शैक्षणिक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। और समाज के बुजुर्ग 50वीं सालगिरह पार कर चुके दम्पति जोड़ियों को भी संघ द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम स्थल पर खानपान गेम्स कोल्ड ड्रिंक पिज़्ज़ा चीनी की क्रीम चाट और कई तरह के बुटीक कपड़े के स्टॉल लगे हुए थे।

कार्यक्रम के बीच-बीच में सभी लोगों ने लगे हुए स्टालों का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी हुआ मंच देवीपाटन महिला शाखा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन ,कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल,अनिल मित्तल, अतुल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सीए पवन अग्रवाल, अजय मित्तल, हरीश केडिया, आयुष केडिया,अशोक बंसल, गौरव अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की प्रांतीय नीलम जैन, सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, बेनू अग्रवाल, सरोज गर्ग, अनामिका बंसल ,सरिता अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मीना अग्रवाल, राधा पचेरिया, वर्षा अग्रवाल, शारदा गर्ग, सीमा अग्रवाल, सुधा टेकडीवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रा शिवांशी उपाध्याय एक दिन के लिए बनी खंड शिक्षा अधिकारी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फखरपुर,बहराइच।** मिशन शक्ति के तहत बीईओ राकेश कुमार ने संविलयन विद्यालय गजाधरपुर के कक्षा 7 की छात्रा शिवांशी उपाध्याय को मंगलवार को एक दिन के लिए बीईओ का दायित्व सौंपा। पदभार संभालते ही बीईओ राकेश कुमार व वरिष्ठ शिक्षक संकुल अरुण अवस्थी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। एक दिन की बीईओ शिवांशी उपाध्याय ने बीईओ राकेश कुमार से प्रशासनिक व कार्यालय के क्रियाकलापों की जानकारी ली। इसके पश्चात उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय गजाधरपुर का औचक निरीक्षण किया। छात्रा को बीईओ के रूप में देखकर बालिकाओं ने गर्व महसूस किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देने के साथ ही नियमित स्कूल आने के लिए छात्र - छात्राओं को प्रेरित किया। इसके बाद बीआरसी पर चल रही एफएलएन प्रशिक्षण का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य नारी सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है। जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका सशक्त हो सके। इस पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सभी ट्रेनर, प्रधानाध्यापक निजामुद्दीन, प्रिया देवी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# घटी GST मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला/बलरामपुर।** उतरौला भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उतरौला नगर के विभिन्न वार्डो में व्यापारियो से बाजार में जाकर डोर टू डोर सम्पर्क किया।

भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा ने वरिष्ठ व्यापारियों से जनसंपर्क करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा GST पर किए गए सुधारो पर एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।नगर के व्यापारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर चैनरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष शिव कुमार कसौधन, नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता, अंकुर गुप्ता,समर पटेल, अमित कुमार संतोष कुमार कसौधन, महेश कुमार रमेश जयसवाल, विजय पाल वर्मा, शिवकुमार गुप्ता जी, अंकुर गुप्ता, प्रमोद जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसकेएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ दशम आयुर्वेद दिवस

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप आयुर्वेद का ज्ञान जन-जन तक पहुंचाने के लिए रैली, जागरूकता अभियान का कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस बार 10वीं आयुर्वेदिक दिवस की थीम आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद फॉर पीपल एंड प्लेनेट है। इसी क्रम मंगलवार को आयुष विभाग बहराइच द्वारा डॉक्टर सर्वेश शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबलापुर में आयुर्वेद दिवस मनाया गया।

जिसके उपलक्ष्य में आज वर्कशॉप एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वर्कशॉप के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों के डॉ उपेंद्र रावत द्वारा कपिंग थेरेपी,लीज थेरेपी डॉ प्रियंका शर्मा द्वारा शिरोधारा एवं अन्य प्रकार की थेरेपी का डेमोंसट्रेशन दिया गया है। संगोष्ठी में डॉ रंजन वर्मा द्वारा डिजिटल युग मे आयुर्वेद, डॉ प्रीति ने आहार और मोटापा, डॉ सुमन गिहार ने ब्रैस्ट कैंसर में आयुर्वेद, डॉ चंद्र शेखर द्वारा संहिता और संवाद पर पेपर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातःकाल यज्ञ से किया गया। तत्पश्चात कॉलेज से एक वृहत रैली निकाली गई। जिसमें चिकित्साधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे। प्रचार प्रसार हेतु चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता अभियान कार्य किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सर्वेश शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक संस्थापक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ सरोज शंकर राम, आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आंनद चौरसिया, होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, डॉ यूसुफ अली अंसारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ रंजन वर्मा,डॉ राजेश डॉ उपेन्द्र रावत, डॉ अरविन्द गोस्वामी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, डॉ शैलेन्द्र श्रीवास्तव, आस्था शुक्ला,डॉ पवन, डॉ संदीप एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# विधायक ने रिमोट दबाकर इलाके को किया जगमग

## विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया ने धानेपुर वासियो को नवरात्रि में दी सौगात

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोंडा।** शारदीय नवरात्रि में क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैय्या ने धानेपुर वासियों को बड़ी सौगात दी है। मंगलवार को 132 बेंदुली ट्रांसमिशन से उपकेन्द्र धानेपुर के लिए बनी नवीन लाइन से रिमोट से विद्युत आपूर्ति का शुभारम्भ किया।

» 132 बेंदुली ट्रांसमिशन से उपकेंद्र धानेपुर के लिए नवीन लाइन का रिमोट दबाकर किया शुभारंभ

बेंदुली ट्रांसमिशन से उपकेन्द्र धानेपुर को निर्बाध करीब 21 घण्टे 30 मिनट की सप्लाई मिलेगी। नवीन लाइन बनने में करीब 3 करोड़ 17 लाख की लागत आई है। अवर अभियंता धनश्याम ने बताया 132 केवी बेंदुली से अभी तक उपकेन्द्र इटियाथोक, खरगूपुर, सुभागपुर को सप्लाई दी जा रही थी। बेंदुली ट्रांसमिशन से उपकेन्द्र धानेपुर तक बनी नवीन में विद्युत सप्लाई के लिए क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने रिमोट ने शुभारम्भ किया है। बेंदुली ट्रांसमिशन से चार उपकेंद्रों को सप्लाई दी जा रही है। क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने बताया आजादी के बाद बनी धानेपुर की विद्युत लाइन जर्जर हो चुकी थी आए दिन जर्जर तार का गिरने से धानेपुर के क्षेत्रवासियों को विद्युत सप्लाई नहीं मिल पा रही थी। क्षेत्र के लोगो विद्युत सप्लाई बेहतर मिले इसके लिए बेंदुली ट्रांसमिशन से उपकेन्द्र धानेपुर तक नवीन लाइन बनाकर धानेपुर वासियों को विद्युत सप्लाई देने का कार्य किया गया है।

श्री द्विवेदी ने बताया बेंदुली ट्रांसमिशन से एक दूसरी नवीन लाइन का निर्माण उपकेन्द्र मेहनौन के लिए किया जा रहे है



जिससे मेहनौन की जनता को भी निर्बाध विद्युत सप्लाई मिल सके। इस अवसर पर एक्शियन कमर फारूकी, अवर अभियंता इटियाथोक शेषमणि तिवारी, राकेश चतुर्वेदी, मण्डल अध्यक्ष संतोष चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में निजी आईटीआई की बैठक सम्पन्न

**विश्ववार्ता संवाद**



**गोंडा।** मंगलवार को संयुक्त निदेशक देवीपाटन मंडल राजेश राम की अध्यक्षता में मंडल के समस्त निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले भारत कौशल प्रतियोगिता 2025 में 16 से 23 आयु वर्ग के अधिक से अधिक छात्रों का SIDH पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक ने प्रतियोगिता से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही आईटीआई सत्र 2025 में प्रवेश की स्थिति तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन 4.0 की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

बैठक में फोरमैन विजय विजय कुमार,सतीश कुमार, परविंदर कुमार, हनुमंत लाल पांडे (प्रधानाचार्य), हरीश गुप्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय आईटीआई, योगेंद्र सैनी (मॉडर्न आईटीआई), सविता आईटीआई, नितेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव नरेंद्र मेमोरियल आईटीआई सहित विभिन्न निजी आईटीआई के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे।

# मुनि गति देखि सुरेश डेराना नारद मोह की लीला सम्पन्न

**पयागपुर,बहराइच।** श्री नवयुवक रामलीला समिति भूपगंज बाजार पयागपुर के तत्वावधान में आयोजित 64 वे श्री रामलीला महोत्सव के द्वितीय दिवस प्रारंभ नारद मोह की लीला के अंतर्गत ब्यास गोविंद बिहारी शुक्ल द्वारा मानस की चौपाई मुनि गति देखि सुरेश डेराना से हुई। देवर्षि नारदपृथ्वी लोक पर भ्रमण करते हुए गंगा किनारे प्राकृतिक सौंदर्य देखकर तपस्या में लीन हो जाते है। देवराज इंद्र नारद की तपस्या से भयभीत होकर अपने मित्र कामदेव को अपने इंद्र पद जाने का खतरा उत्पन्न हो जाने का डर दिखाते नारद की तपस्या भंग करने के लिए अनुरोध करते हैं। दूसरी ओर अपनी तपस्या से इंद्र को डरता देख कर उन्हें अहंकार हो जाता है और वे इसे देवराज पर अपनी विजय बताते हुए भगवान शंकर,ब्रह्मा जी और विष्णु को यह बात बता देते है। भगवान विष्णु नारद के अहंकार को समाप्त करने के लिए लीला रचते है और शील निधि की कन्या पर मोहित नारद को बंदर का रूप दे देते है।

# आमने-सामने बाईकों में हुई टक्कर तीन घायल एक गंभीर

**बहराइच।** नानपारा बहराइच मार्ग पर भवनियापुर के पास मंगलवार की सुबह दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं दो की हालत समान है या किए की हालत गंभीर बनी हुई है पुलिस ने गंभीर घायल युवक को एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। घटना मटेरा थाना क्षेत्र के भवानियापुर इलाके की है। नानपारा से बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से बहराइच की तरफ जा रहे थे। जबकि एक व्यक्ति मटेरा चौराहे की तरफ से नानपारा के लिए आ रहा था भवानियापुर गांव के सामने हाईवे पर दोनों बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए तेज गति होने के कारण दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं दो को मामूली चोटे आई हैं जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**निधन** जिले के व्यापारिक व सामाजिक जगत में शोक की लहर

# प्रतिष्ठित समाजसेवी गौरीशंकर भानीरामका का निधन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल बहराइच के जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रतिष्ठित व्यापारी नेता गौरीशंकर भानीरामका का सोमवार की देर रात निधन हो गया। 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने बहराइच स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से जिले के व्यापारिक व सामाजिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

परिजनों ने बताया कि बुधवार 24 सितम्बर को शहर के त्रिमुहानी घाट शवदाह स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनकी शव यात्रा डीएसएल ग्रीन सिटी स्थित उनके निज निवास से त्रिमुहानी घाट के लिए बुधवार सुबह 8.30 बजे प्रस्थान करेगी। अंतिम दर्शन हेतु



उनका पार्थिव शरीर दरगाह रोड स्थित उनके आवास पर रखा गया है। वह अपने पीछे पत्नी, पुत्र-पुत्रियों सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वर्गीय भानीराम का 1985 में व्यापार मंडल के बहराइच जिलाध्यक्ष बने थे और चार दशक तक लगातार इस पद को सुशोभित करते रहे। व्यापार जगत की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुँचाना तथा छोटे-बड़े व्यापारियों की आवाज बनना उनकी प्राथमिकता रही। गल्ला व्यापार मंडल के अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने लंबे समय तक सेवा दी। वह रोटरी क्लब बहराइच के संस्थापक सदस्यों में शामिल होकर इस सामाजिक संगठन के तमाम बड़े पदों पर रहे। समाज सेवा से जुड़े कार्यों में उन्होंने सदैव अग्रणी भूमिका निभाई।

अग्रवाल समाज में भी उनका उल्लेखनीय योगदान था, समाज द्वारा उन्हें ₹अग्रकुल गौरव₹ की उपाधि प्रदान की गई थी। इसके अतिरिक्त अनेक गैर राजनीतिक सामाजिक संस्थाओं, स्कूल, कालेज, धार्मिक व खेल से जुड़े संगठनों व कार्यक्रमों में उनकी महत्वपूर्ण सक्रिय भूमिका रहती थी। उनकी सादगी, मिलनसार स्वभाव और जनहित के मुद्दों पर गहरी रुचि ने उन्हें व्यापारियों और समाज के बीच अत्यंत लोकप्रिय बना दिया था।

अपने जीवन काल के अंतिम समय तक उन्होंने अपने व्यवसाय व सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। उनके निधन पर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारी समुदाय, सामाजिक, राजनैतिक व गैर राजनीतिक लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अशोक मातनहेलिया, दीपक कुमार सोनी 'दाऊजी', आशीष कंसल, लव मल्होत्रा, बृजमोहन मातनहेलिया, मनीष मल्होत्रा, नवनीत अग्रवाल, विजय छापड़िया, सुमित खन्ना सहित अनेक व्यापारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भानीरामका जी का जाना बहराइच के व्यापार जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

### व्यापारी हित सर्वोपरि की भावना

व्यापार मंडल के तमाम आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती आई थी। व्यापारियों के बड़े से बड़े मसले वह सरलतापूर्वक सुलझा देते थे। अधिकारियों से उनके मधुर संबंध थे, बावजूद इसके व्यापारी हित में वह कभी समझौता नहीं करते थे। यही कारण रहा कि उन्हें हमेशा एक सशक्त और निर्भीक व्यापारी नेता के रूप में याद किया जाता रहेगा।

# हत्या के अभियुक्त को आजीवन कारावास व 1,05,000 रु0 अर्थदण्ड की सजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बलरामपुर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में-दिनांक 10.05.2018 को वादी अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू पुत्र मो. अजीज नि. मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर द्वारा थाना को. नगर पर की लिखित तहरीरी सूचना दी गई कि विपक्षी नफीस पुत्र अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू नि. मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर द्वारा वादी के पुत्र मो. शफीक की घर के बँटवारे को लेकर आपसी कहासुनी होने पर बोगदा से मारने तथा कई बार फायर करना जिससे अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना को. नगर पर मु.अ.सं.-95/18 धारा-302 भा.द.वि. व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम नफीस पुत्र अब्दुल मजीद उर्फ कल्लू नि. मो. बलुहा को. नगर जनपद बलरामपुर पंजीकृत हुआ। जिसके अभियोग की विवेचना नि. उपेनद्रनाथ राय द्वारा की गयी तथा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह एवं थाना को नगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त 1. नफीस उपरोक्त को न्यायालय ASJ बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में आजीवन कारावास व 1,05,000 रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# कोराई बाईपास को गड्ढा मुक्त कराए एनएचआई रायबरेली

## एक नजर

### वक्फ संपत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर कराएं दर्ज

**फतेहपुर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ प्रशांत साहू ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा एकीकृत वक्फ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम–1995 के प्राविधान के अनुसार धारा 3 (क) के अनुसार केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में एक सशक्त उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल का शुभारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य मौजूदा औकाफ का विवरण, पंजीकरण, लेखा, लेखा परीक्षा और वक्फ एवं बोर्ड के अन्य विवरण जैसा कि केन्द्र सरकार द्वारा निधारित किया गया हो, अपलोड किया जाना है। वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड किये जाने हेतु 30प्र0 सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त न होने की दशा में बोर्ड के दो उच्च अधिकारियों (सहायक सचिव) को आपूवर के रूप में नामित किया गया है। चार कार्यपालक अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर को चेकर तथा जनपद के बड़े औकाफ से सम्बन्धित मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति (मेकर्स) को जनपद कोआर्डिनेटर के रूप में नामित किया गया है। इसी प्रकार 30प्र0 शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा भी वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड किये जाने हेतु आपूवर, चेकर, मेकर्स, कोआर्डिनेटर नामित किये गये हैं। 30प्र0 सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 0522–3132567 जारी किया गया है। वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर फीड कराए जाने के संबंध में कार्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्फ निरीक्षक 9198229965 को डेस्क प्रभारी नामित किया गया है।

### समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक

**फतेहपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में सहकारिता के बफर गोदाम में यूरिया, डीएपी, एनपीके उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण है। कृषकों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की आवंटन व आपूर्ति समितियों पर करायी जा रही है। उन्होने बताया कि रबी फसलों की बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में समितियों पर सभी प्रकार के उर्वरकों की आपूर्ति करायी जा रही है। एनपीके (20:20:0-13) में नाईट्रोजन 20 प्रतिशत, फास्फोरस 20 प्रतिशत एवं गंधक (सल्फर) 13 प्रतिशत पाया जाता है इसमे नाईट्रोजन एवं सल्फर दोनो एक साथ होने से इन दोनो तत्वों की उपयोगिता बढ़ जाती है जो फसलो के लिये लाभकारी है। तिलहनी फसलों में तेल की मात्रा एवं इसकी गुणवत्ता बढाने के लिये सल्फर अत्यन्त उपयोगी है। इस प्रकार एन.पी.के. खाद्यान्न, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के साथ-साथ आलू एवं गन्ना मे भी प्रयोग किया जा सकता है। इसी प्रकार टी.एस.पी. मे 46 प्रतिशत मात्रा मे फास्फोरस होता है, फास्फोरस पौधों के लिये जरूरी पोषक तत्व होता है जो जड़ों को मजबूत करता है और उपज बढ़ाता है। यह बेहतर टेलरिंग व गुणवत्तायुक्त उत्पादन को बढ़ाता है वो कहा कि यह शीघ्र घुलने वाला फास्फेट है। कृषक अपनी स्वयं की कृषि योग्य भूमि व तत्कालिक आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरकों का क्रय करें व संतुलित मात्रा मे उर्वरकों का प्रयोग करें।

### मंडलीय विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में ओवर आल हरदोई रहा उपविजेता



**हरदोई।** मंडलीय विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जनपद रायबरेली के राजश्री रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में हुआ। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर- 17, अंडर-19 आयु वर्ग के बालक/ बालिकाओं की प्रतियोगिता के सभी वर्गों में जनपद लखनऊ विजेता तथा हरदोई उपविजेता रहा। एसडी इंटर कालेज के सिद्धार्थ प्रजापति, आर आर इंटर कालेज के अर्जुन यादव, अंडर-14 बालिका वर्ग में जेके पब्लिक स्कूल की वैशाली,नव्या,अव्या , अंडर-17 बालक वर्ग में गंगा देवी इण्टर कालेज के सिद्धांत गुप्ता, जनता इंटर कॉलेज कछौना के नीलू,अंडर-19 बालिका वर्ग में श्री वेणी माधव बालिका इण्टर कालेज से स्मृति,का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। मंडलीय टीम के साथ टीम मैनेजर मैना गुप्ता,अंजलि,रजनीश पांडे, दीपक कुमार,राजवीर सिंह ,अंजलि, उमा शंकर तिवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### अभियान चला आनलाइन विदेशी कंपनियों का करेंगे बहिष्कार



**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में आहवान किया गया कि जिले में अभियान चलाकर आनलाइन विदेशी कंपनियों का बहिष्कार किया जाएगा। अभियान चरणबद्ध तरीके से चलेगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं के जनजागरण व स्थानीय व्यापार, स्थानीय उत्पाद, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने व आनलाइन विदेशी कंपनियों के बहिष्कार हेतु सभी के सहयोग से अभियान शुरू किया जाएगा। दुकानों व प्रतिष्ठानों में स्टीकर से प्रचार–प्रसार करेंगे। पलेक्स/होर्डिंग, सोशल मीडिया के जरिए प्रचार–प्रसार किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रबुद्धजनों से संपर्क करके प्रतिक्रिया वीडियो जारी किए जाएंगे। उन्होने बताया कि यह अभियान चरणबद्ध चलेगा। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार अपने भाषणों में स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील जनता व व्यापारी समाज से करके इस आंदोलन को जन आंदोलन का रूप दे दिया है। उसी के तहत निर्णय लिया गया कि चरणबद्ध रूप से कार्यक्रम होगा। इस मौके पर वेद प्रकाश गुप्ता, बिन्दा प्रसाद अग्रहरि, दयाशंकर गुप्ता, कुंवारे सिंह भी मौजूद रहे।

## चालक को बचाने पर विद्यालय की मान्यता समाप्त करने के बीएसए को निर्देश

» विद्यालयों में यातायात जागरूकता के निरंतर किए जाएं कार्यक्रम



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। विगत माह की बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुपालन आख्या की विस्तृत समीक्षा की। संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस विभाग व एआरटीओ को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस के किसी भी स्कूली वाहन का संचालन किसी भी दशा में न होने पाए। इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही एआरटीओ प्रशासन जिन स्कूली वाहनों के फिटनेस नहीं है संबंधित स्कूल से इस आशय का प्रमाण पत्र लें कि भविष्य में बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन नहीं किया जाएगा। 15 सितंबर को रेडियंट वे पब्लिक स्कूल हसनपुर के बस चालक की लापरवाही से एक्सीडेंट होने पर भी चालक पर एफआईआर न कराने व विद्यालय प्रशासन द्वारा चालक को बचाने पर विद्यालय की मान्यता समाप्त करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।

उन्होंने कहा कि ढाबों पर अवैध रूप से सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया जाये और ढाबा संचालकों को नोटिस भी जारी करें। उन्होंने कहा कि गंभीर दुर्घटना वाले स्थलों का संबंधित कार्यदाई संस्था, पुलिस, परिवहन निरीक्षण कर सम्मिलित रिपोर्ट बनाए कि दुर्घटना रोकने के क्याद्कया उपाय किए जा सकते है। जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालयों/स्कूलों में यातायात जागरूकता कार्यक्रम निरन्तर किए जायें। पुलिस विभाग, परिवहन विभाग संवेदनशीलता के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर करें। वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जायें।

उन्होंने एनएचआई रायबरेली को निर्देशित किया कि कोराई बाईपास को गड्ढा मुक्त करके सुगम यातायात बनाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी खागा, बिन्दकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता सीडी-2, उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/प्रशासन, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, टीएसआई यातायात, एनएचआई कानपुर रायबरेली के पदाधिकारी, समिति के सदस्य अशोक तपस्वी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार संदिग्ध परिस्थितियों में 27 वर्षीय महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर मार डालने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बा निवासी संतोष कुमार पाण्डेय ने अपनी पुत्री प्रीती की शादी 10 जुलाई 2019 को मौहार गांव निवासी भाई दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने हिन्दू रीति रिवाज के साथ की थी। बताते है कि सोमवार की दोपहर संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। वहीं पोस्ट मार्टम हाउस में मृतका के भाई ने ससुराली जनो पर दहेज की मांग न पूरी होने पर हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटका दिया। वहीं मृतका के परिजनों ने थाने में अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है।

## नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में जुटे हजारों भक्त



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**विंध्याचल (मिर्जापुर)।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में सुबह दस बजे तक मात्र 50हजार श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। इससे श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन करने में कोई खास दिक्कत नहीं हुई। वहीं मेला की व्यवस्था में जुटे प्रशासनिक अफसरों ने भी राहत की सांस ली।

मंगलवार को तीन बजे भोर मंगला आरती के बाद मांविंध्यवासिनी के गर्भगृह का कपाट आम श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया। गर्भगृह का कपाट खुलते हीश्रद्धालु दर्शन पूजन करने में जुट गए। गर्भगृह में श्रद्धालुओं के पहुंच जाने से तिल रखने की भी जगह नहीं बची। मां की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु बेताब रहे। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद श्रद्धालुओं ने अष्टभुजा और कालीखोह मंदिरों में मत्था टेक त्रिकोण परिक्रमा में जुट गए। चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव सेत्रिकोण परिक्रमा में जुटे रहे। त्रिकोण मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। मां के जयकारे से त्रिकोण मार्ग गुंजायमान रहा।

## जयकारे के साथ आदिशक्ति मां ब्रहमचारिणी की पूजा-अर्चना

### दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हुई पूजा-अर्चना

» नवरात्र में बढ़ती जा रही पंडालों एवं मंदिरों की रौनक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** दोआबा में नवरात्र के दूसरे दिन मां बह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। पंडालों सहित देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कहीं भंडारे तो कहीं प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। वहीं रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी की अनोखी छटा, संगीतमय आरती के स्वर, तालियों की गड़गड़ाहट संग गूंजते मां भवानी के गगन भेदी जयकारों से भक्तिमय माहौल दिखाई दिया।

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को शहर के देवी मंदिरों सहित पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। भक्तों ने मां के दूसरे स्वरूप मां बह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। हर कोई देवी मां के पहले दर्शन करने की होड़ और प्रसाद पाने की ललक लेकर मंदिरो से पंडाल तक पहुच रहा था। भक्तों ने नारियल, रोली, गंगाजल, पुष्प, चंदन माता को अर्पित कर सुख समृद्धि मांगी। मां के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देवी मंदिरों में लगी रही। वहीं शाम के समय पंडालो में माता की संगीतमय आरती की गई। बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी से दुर्गा पंडालों में रौनक देखते ही बन रही थी।

उधर शहर स्थित मंदिरों में आरती के बाद भजन कीर्तन का आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया। आरती के बाद वृहद प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र के दूसरे दिन शाम को लोग पंडालो में पहुंचकर जगत जननी की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

### भक्तों टेका माथा, मांगी मन्नत

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन शहर के पटेल नगर चौराहे में स्थापित दुर्गा पांडाल में मां अंबे की आरती में शामिल होकर भक्तों माथा टेकने के साथ ही आदिशक्ति जगत जननी से मन्नत मांगी। इससे पूर्व आचार्य द्वारा विधिवत वेद मंत्रों के बीच मां दुर्गा की पूजा अर्चना कराई गई। ऐसे ही शहर के अन्य स्थानों में लगे पांडालों में सुबह शाम भक्तों का जमावड़ा लग रहा है।

## कोर्ट ने किया बलात्कार का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पल्थाहार में शौचक्रिया के लिए जंगल गई एक महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता जावेद व शोएब ने पैरवी की। विद्वान न्यायाधीश ने बकेवर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व शोएब खान ने बताया कि 10 जून 2025 को बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम पल्थाहार में महिला सुबह लगभग पांच बजे शौच के लिए गई थी। लौटते समय अजय पुत्र छेद्दन निवासी ग्राम छांजा थाना कोतवाली जिला कानपुर देहात ने अपने साथी करन पुत्र फग्गू निवासी ग्राम पत्थाहार के साथ मिलकर उसको पकड़ लिया और खेतों की ओर ले जाने लगे। शोर मचाने पर करन ने पीड़िता पर तमंचा तान दिया और अजय ने मुंह दबाकर खेतो की ओर ले जाकर बलात्कार किया।

## शारदीय नवरात्र पर विद्यालय के बच्चों ने निकाली झांकी

» शिक्षा को प्रभावित करने वाले अष्टकारकों को धारण किए मां अष्टभुजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बिंदकी, फतेहपुर।** मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर शिक्षा क्षेत्र खजुहा के गोधइया ग्राम में संचालित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय जो ग्रामीण क्षेत्र पर शिक्षा और संस्कार की परिभाषा से युक्त, शिक्षा के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट स्थान प्राप्त संस्थान द्वारा शरद नवरात्रि पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा शिक्षा को प्रभावित करने वाले आठ कारकों प्रभावी शिक्षक, छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण, सामाजिक-आर्थिक वातावरण, सहयोगात्मक वातावरण, निरंतर मूल्यांकन, नवाचार को अपनाना, सुरक्षित और सहायक संस्थागत वातावरण और उचित सुविधाएं से विभूषित मां अष्टभुजी की आकृति द्वारा समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। विद्यालय प्रबंधक आरके सिंह का कहना है अगर यह संपूर्ण सुविधा और वातावरण एक छात्र-छात्रा के लिए मिले तो निश्चित ही सफलता के पथ पर अग्रणी होगा। इसके विपरीत अगर वातावरण और व्यवस्थाएं नहीं मिलती हैं या अच्छा शिक्षक नहीं मिलता है तो छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

इन सभी सामाजिक परिस्थितियों को दर्शाने के लिए नवरात्र के पावन अवसर पर मां अष्टभुजी के आठों हाथों में आठ प्रकार के कारकों को विभूषित किया गया है और बच्चों के सामने समाज के सामने प्रस्तुत किया गया।

## महिला सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति 5 .0 के तहद छात्राओं को किया जागरूक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के तहत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान मंगलवार को डॉ0 सविता मेमोरियल ग्लोबल एकेडमी चुनार मे छात्राओं को पुलिस प्रशासन ने जागरूक किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ने छात्राओं को डायल 112 व 1090 के विभिन्न पहलुओं को बताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी को अब अनदेखा नही करना है।

छेड़खानी की घटना में लडकिया प्रायः चुप रहती है जिससे शोहदों के मन बढ़ जाते है। उन्होंने बताया कि छात्राओं द्वारा की जाने वाली शिकायत पर महिला आरक्षी भी पहुंचती है ताकि छात्राए अपनी बातों को अच्छे से समझा सके। उन्होंने कहा कि अब हमें वो सभी नौकरियां करनी है जो लड़के करते है हमे अपने आपको सशक्त बनाना होगा उन्होंने सभी से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर घर,परिवार व पुलिस से जरूर साझा करें जिससे समस्या का हल निकाला जा सके। चुनार प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने भी छात्राओं को सशक्तिकरण के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक अपराध सत्येंद्र यादव ने भी छात्राओं को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 वेद प्रकाश ने मिशन शक्ति कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही छात्राओं को मिशन शक्ति के तहत बतायी गयी बातो को आवश्यकता के समय मे प्रयोग कर बचाव करने की बात बतायी। विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल विजय शंकर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रिंसिपल वेदप्रकाश सिंह, माया सिंह,प्रशांत कुमार बोस,कमलेश सिंह, दिनेश सिंह,दीपक सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रही।

## अग्रसेन जयंती पर विश्व कल्याण की कामना के साथ हुआ हवन का आयोजन



**संतोष तिवारी**

**हरदोई।** भगवान राम के वंशज अग्रवाल समाज के संस्थापक विश्व विजयी महाराजा अग्रसेन जी का जन्मोस्तव सोमवार को बड़ी धूमधाम से स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में मनाया गया। इस अवसर पर विश्व शांति व कल्याण हेतु विशाल हवन का आयोजन किया गया। जिसमे पुरोहित शिव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन संम्पन्न करवाया। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अग्रवाल समाज के पितामह महाराजा अग्रसेन जी का जन्म द्वापर युग के आखिरी चरण में अश्विन शुक्ल प्रतिपदा यानि नवरात्रों के पहले दिन हुआ था। उनके जन्मदिवस को अग्रवाल समाज द्वारा धूमधाम से अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है।

महाराजा अग्रसेन प्रताप नगर के राजा वल्लभ और माता भगवती के यहां सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल ' में उनके बड़े पुत्र के रुप में जन्में थे, जिन्होंने बाद में अग्रवाल समाज का निर्माण एवं अग्रोहा धाम की स्थापना की थी । महाराजा अग्रसेन जी के बारे में यह भी कहा जाता है कि, उनके जन्म के समय में ही महान गर्ग ऋषि ने उनके पिता महाराज वल्लभ से यह कहा था, कि वे आगे चलकर बहुत बड़े शासक बनेगें और उनके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी एवं युगों-युगों तक उनका नाम अमर रहेगा। वहीं आगे चलकर ऐसा ही हुआ और आज तक महाराजा अग्रसेन जी को याद किया जाता है।

आपका बता दें कि महाराजा अग्रसेन बेहद दयालु और करुणामयी स्वभाव वाले व्यक्ति थे, जिनके ह्रदय में मनुष्य समेत पशु-पक्षी एवं जानवरों के लिए भी करुणा भरी हुई थी, यही वजह थी कि उन्होंने धार्मिक पूजा-अनुष्ठानों में पशु बलि आदि को गलत करार दिया था एवं अपना क्षत्रिय धर्म त्याग कर वैश्य धर्म की स्थापना की थी। इसके अलावा वे हमेशा अपनी प्रजा की भलाई के बारे में सोचने वाले महान राजा थे, जिनकी प्रसिद्धि एक जनप्रिय राजा के रूप में फैली हुई थी। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मवेशियों के जानलेवा बने झोलाछाप मवेशी डाक्टर

**शाहाबाद।** हरदोई तहसील शाहाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में इस समय मवेशियों के जीवन दाता जगह जगह मिल जाएंगे।जो कक्षा 10 भी पास नहीं हैं,और मवेशी डाक्टर बने घूम रहे हैं।इन्हें झोलाछाप मवेशी डाक्टर कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसे डाक्टर जिन्हें अन बोला जानवरों के बारे में एबीसीडी भी पता नहीं है,और यह अपने को पशु चिकित्सक से कम नहीं समझते हैं। इनका काम सुबह से बाईक लेकर गांवों में निकल जाना और भोले भाले मवेशी मालिकों को इलाज के नाम पर उल्लू बनाकर मनमानी रकम ठगना है। ऐसे डाक्टरों की संख्या लगभग एक दर्जन से अधिक बताई जा रही है।वहीं लोगों का कहना है कि क्षेत्र में श्याम बाबू निवासी ग्राम उमरिया कैथानी, रोहित राठौर निवासी ग्राम शर्मा हॉल्ट,नजीर निवासी ग्राम बजरिया,दीपक कुमार निवासी मीरपुर गन्नू,जसवंत निवासी ग्राम पंचायत हैदरपुर आदि अपना गोरख धंधा फैलाए हुए हैं। जिन पर विभाग लगाम नहीं लगा पा रहा है।

## राम बारात पर पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर में श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति द्वारा आयोजित इक्कीस दिवसीय रामलीला मंचन में सोमवार की रात मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी की बारात नगर में निकाली गई।डीजे, बैंड बाजा शहनाई, की मधुर धुन पर घोड़े पर सवार राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न चारों भाईयों के साथ कमेटी के सदस्य व स्थानीय लोग बारात में शामिल हुए। नगर में भ्रमण करते समय महिलाओं एवं बच्चों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया।रामलीला मंच से निकली बारात सददूपुर, ऐबकपुर मोहाना, गोला बाजार, चौक बाजार, सर्राफा बाजार, पुरानी कोतवाली मार्ग से भरपुर, गंगेश्वरनाथ, भरपूर नकाशा होते हुए पुनः साहबराम गोला स्थित रामलीला मैदान पहुंचा जहां आरती के बाद उपस्थित लोगों में प्रसाद का वितरण हुआ।

इस दौरान कमेटी संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, महामंत्री संजय साहू, रामआसरे दास, चन्द्रहास गुप्ता, महेन्द्र साहू, अनिल गुप्ता, गोविंद जायसवाल करतार, प्रदीप रस्तोगी, राजकुमार गुप्ता, शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डस्टबिन से कचरा निकाल कर सड़क किनारे फेंका जा रहा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के राजगढ़ बाजार में स्थित ग्राम प्रधान के द्वारा डस्टबिन रखा गया है। जहां पर ग्रामीणों द्वारा कचरा उसमें डाला जाता है लेकिन किसी ने उसमें से कचरा निकाल कर बाहर फेंक दिया जिसे काफी दुर्गंध निकल रही है।

ग्रामीण परेशान हो रहे हैं स्वच्छता अभियान की पोल खुल रही है एक तरफ जिले से लेकर ब्लॉक तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ कूड़ा गाड़ी भी बराबर ना आने से कचरे का उठान नहीं हो पा रहा है। गांव की गलियों को और सार्वजनिक स्थल को साफ किया जा रहा है तो दूसरी तरफ डस्टबिन से कचरा निकाल कर सड़क किनारे फेंका जा रहा है जहां पर स्थानीय लोग काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कचरे की दुर्गंध से बीमारियां फैलने का डर ग्रामीणों को सता रहा है। ग्राम प्रधान भी कुछ नहीं कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल। इस संबंध में जब एडियो पंचायत राजगढ़ श्रीकृष्ण उपाध्याय से बात हुई तो उन्होंने कहा कि विंध्याचल मेला में हमारी ड्यूटी लगी हुई है ग्राम प्रधान से बात करके जल्द से जल्द कूड़ा कचरा को वहां से उठाया जाएगा।

**दिवस** दिव्यांग बच्चों को यूनीफार्म व फल का किया वितरण

## श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर में मना अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** मंगलवार को श्री कृष्ण आदर्श विद्या मंदिर मूकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग शैक्षिक व्यावसायिक एवं पुनर्वासन विद्यालय ने बधिर लोगों का अन्तर्राष्ट्रीय सप्ताह के अंतर्गत अन्तर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा व प्रबंधक सीताराम यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण करके किया।

मुख्य अतिथि प्रगति मिश्रा ने मूक व श्रवण दोष दिव्यांगता की रोकथाम व सांकेतिक भाषा एवं सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रबंधक सीताराम यादव ने कहा कि भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली की स्थापना सितंबर 2015 में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई है इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय सांकेतिक भाषा को बढ़ावा देना, जनशक्ति को प्रशिक्षण देना और इसके संवर्धन के लिए अनुसंधान करना है, जो एक दूसरे के बीच में भारतीय सांकेतिक भाषा का समन्वय स्थापित करती है।

संस्था के मूक बधिर दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतीक (फूल, चिन्ह, झण्डा, फल, पशु, पेड़, पक्षी) तथा मछली जल की रानी व हरा-हरा तोता कविता सांकेतिक भाषा में अपने हाथों से बनाये चित्र द्वारा प्रस्तुत कियाद्य जिसको उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। समापन में संस्था द्वारा मूकबधिर एवं मंदबुद्धि 37 दिव्यांग बच्चों को यूनीफॉर्म व फल का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नागेश्वर, मुन्नूलाल, चैतन्य कुमार, सर्वेश कुमार, सीमा देवी, पवन कुमार, विश्वेंद्र सिंह, अतुल कुमार शुक्ल, सौम्या कुमारी, पवन कुमार सिंह, सिंधू देवी व संपत सहित विद्यालय छात्र व अभिभावक उपस्थित रहे।

## कैरियर संबंधी जिज्ञासाओं का किया समाधान

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि अभय प्रताप सिंह महाविद्यालय बिन्दकी में कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभारी शशॉक पांडेय एवं काउंसलर अभिलाष दीक्षित ने महाविद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं को विभाग के रोजगार संगम पोर्टल के महत्व, उच्च शिक्षा के बाद अवसर, स्वतः रोजगार, एक दिवसीय परीक्षाओं की तैयारी, कॅम्प्यूटर की उपयोगिता एवं भारत सरकार व राज्य सरकार की स्वतः रोजगार से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी के साथ ही प्रतिभागियों की कैरियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान कर मार्गदर्शन किया। शशॉक पांडेय ने विभाग के पोर्टल की उपयोगिता के बारे में भी बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा० पूनम सिंह ने की।

